


भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 3 जनवरी - 9 जनवरी, 2024

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

पौष, पक्ष - कृष्ण, तिथि - सप्तमी , संवत 2080 पृष्ठ : 8+4 बुधवार वर्ष-9, अंक-45, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-




## राजनेताओं का राजनीति में कोई सार्थक उद्देश्य तो होना चाहिए!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**राजनीति** का सीधा सा अर्थ है राज करने की नीति या राज प्राप्त करने की नीति। राजनीति के लिए ही राजनेता होते हैं। आज हमारे देश में राजनीति के दो ध्रुव दिखाई पड़ने लगे हैं। एक ऐसा ध्रुव है जो लोगों की भलाई के लिए अपनी राजनीति करता है और दूसरा ध्रुव है वह मात्र सत्ता प्राप्त करने के लिए राजनीति करता दिखाई दे रहा है। एक ध्रुव के पास जनता और देश की भलाई के लिए विजन है जो अपने विजन को प्राप्त करने के लिए काम करता है। जनहित के कार्य करता है देश की सुरक्षा और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने के लिए सेना को तरह-तरह के संसाधन मुहैया करवाने की योजना बनाकर उन्हें साकार करता है। दूसरा ध्रुव है जो बिना किसी उद्देश्य के मात्र सत्तारूढ़ दल को हटाने के लिए राजनीति कर रहा है। दोनों ही ध्रुवों में एक से अधिक राजनीतिक दल मिले हुए हैं। एक की मंजिल स्पष्ट दिखाई दे रही है तो दूसरे का अंधेरा ही छंटता दिखाई नहीं दे रहा है। एक का ध्येय है कि जनता के लिए राजनीति करें जबकि दूसरे का ध्येय है सत्ता के लिए राजनीति करना। जनता के बीच जब तक कोई विजन नहीं होगा, जनता उससे कैसे जुड़ेगी। देश के बड़े-बड़े दिग्गज विपक्षी आए दिन गठबंधन बनाते हैं और बिना किसी विजन के मात्र सत्तापक्ष को हराने के लिए योजनाएं बनाते दिखते हैं। जबकि सत्तापक्ष अपने तयशुदा विजन को आगे बढ़ाते चल रहा है। एक समय था जब देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी हुआ करती थी। उन्होंने अपने हर कार्यकाल में एजेंडा तय किया और उसे आगे बढ़ाया। उन्होंने कभी भी समय पास करने के लिए सत्ता नहीं हथियायी। इसी प्रकार नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे प्रधानमंत्रियों ने देश हित के लिए राजनीति की। इस दौरान ऐसे प्रधानमंत्री भी देश ने देखे हैं जिन्होंने अपनी सत्ता प्राप्ति और उसे बचाने के जोड़तोड़ में ही समय व्यतीत किया। एक समय तो ऐसा भी आया जब चन्द्रशेखर प्रधानमंत्री थे और देश को सोना गिरवी रखना पड़ा था। आज देश की सत्ता के केन्द्र में एक ऐसा प्रधानमंत्री काम कर रहा है जिसने अपना मिशन तय कर रखा है और उस पर आगे बढ़ रहा है। दूसरी तरफ सिर्फ और सिर्फ सत्ता पर काबिज होने के लिए ही कवायद चलती रहती है। जनहित के किसी भी मामले में कभी कोई विचार ही होता दिखाई नहीं देता। सरकार के हर कार्य का विरोध होता है चाहे वह जनहित का हो चाहे राष्ट्रहित का या फिर पार्टी हित का। लगता है उसे तो यह भी मालूम नहीं चलता कि कहां, कब, कैसे और किस बात का विरोध करना है। वर्तमान में विपक्ष सिर्फ विरोध के लिए विरोध करता है। जनता अब सब समझने लगी है। सत्ता प्राप्त करने के लिए जनहित को ध्यान में रखना ही होगा। जनता को लड़ाने वाले काम छोड़ कर जनता को एकजुट कर अपनी योजनाओं के बल पर ही सत्ता प्राप्त की जा सकती है। हंसी आती है विपक्ष पर, जब मीटिंग के नाम पर वह फाइव स्टार होटलों में बैठकर एकमात्र एजेंडे पर बात होती है कि भाजपा को हटाना है, मोदी को हटाना है। विजन कुछ है नहीं और कोई छुपा विजन होगा तो वह दिखता नहीं। चुनाव नतीजों में टांय-टांय फिस्स।

Shivdayalmishra@gmail.com

### हिट एंड रन कानून का विरोध

# देशभर में चक्का जाम

## कहीं दूध खत्म तो कहीं तेल और सब्जी, मचा हाहाकार!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रक, डंपर और बस चालकों की हड़ताल आज दूसरे दिन भी जारी है और ड्राइवर इस मांग को लेकर अब सड़कों पर उतर आए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 25 लाख ट्रकों के पहिए थम गए है। राजस्थान, यूपी, एपी, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, पंजाब और उत्तराखंड में आज हालात बिगड़ सकते हैं। कई राज्यों में प्रदर्शन की वजह से पेट्रोल-डीजल, गैस और सब्जी समेत रोजाना की जरुरतों काफी प्रभावित हुई हैं। पंजाब ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन के मुखिया हैप्पी संधू ने मंगलवार को बताया कि राज्य के सभी राष्ट्रीय उच्च मार्गों को बुधवार से पूर्ण तौर पर बाधित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक जो बसें चल रही हैं, बुधवार से उसे भी परिचाल की अनुमति नहीं दी जाएगी। संधू ने कहा कि हमारी मांग नहीं माने जाने तक हड़ताल जारी रहेगी। समाचार लिखे जाने तक हड़ताल यथावत थी। उन्होंने कहा कि वह आज राज्य के जैतों और मोगा में सभी सड़कों को ब्लाक किया गया है। राष्ट्रव्यापी हड़ताल की वजह से महाराष्ट्र में दूध सप्लाई पूरी तरह से प्रभावित हुई है। दूध ले जाने वाले हजारों ट्रक राष्ट्रीय, अंतर-राज्य या राज्य राजमार्गों पर कई जगहों पर फंसे हुए हैं। बड़ी संख्या में मुंबई वालों को अपनी पसंदीदा सुबह की चाय और बच्चों के लिए दूध के बिना काम चलाना पड़ा।



आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे पर जाम के हालात

### राजस्थान में बढ़ने लगी परेशानी

**हड़ताल** के कारण राजस्थान की राजधानी जयपुर सहित अन्य कई स्थानों पर बसों में सफर करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को जयपुर-दिल्ली एवं जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों पर चालकों के प्रदर्शन के कारण रोडवेज की पर्याप्त बसे नहीं चलने सहित अन्य यातायात को परेशानी हो रही है। चालकों की हड़ताल के कारण सब्जी, पेट्रोल-डीजल आदि आपूर्ति करने वाली ट्रांसपोर्ट सेवाओं पर भी अब इसका असर पड़ने लगा है जिससे लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है।



### 58वां पुलिस महानिदेशक-महानिरीक्षक सम्मेलन

# छोटी-छोटी जरूरतों का रखें विशेष ध्यान-मुख्यमंत्री

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में 58वें पुलिस महानिदेशक-महानिरीक्षक सम्मेलन की तैयारियों की द्वितीय उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह सहित केन्द्र एवं राज्यों के पुलिस महानिदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे। उन्होंने सम्मेलन से सम्बंधित सभी विभागीय अधिकारियों को आवास, सुरक्षा, परिवहन, खानपान, पर्यटन सहित छोटी-छोटी जरूरतों का विशेष ध्यान रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी तरह की तैयारियां समयबद्ध सुनिश्चित की जाए। शर्मा ने कहा कि एयरपोर्ट से लेकर विधायक आवास, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, पर्यटन स्थलों सहित सभी वीआईपी मार्गों पर तैयारियों का पूर्वाभ्यास किए जाने के साथ ही बैकअप प्लान तैयार रखें। उन्होंने कहा कि विधायक आवास से लेकर आरआईसी के अंदर और बाहर तक विभिन्न स्थानों पर राजस्थान के कला व संस्कृति से सम्बंधित होर्डिंग लगाए जाएं, ताकि आगन्तुकों के लिए यह सम्मेलन यादगार बनें। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कांफ्रेंस का आयोजन 5-7 जनवरी तक किया जाएगा।

## अजमेर में जर्जर भवन गिरने पर- देवनानी ने चिन्ता जाहिर की

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान विस अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर के दरगाह थाना क्षेत्र के लंगरखाना गली में मंगलवार को जर्जर भवन के अचानक भरभरा कर गिर जाने पर चिन्ता जाहिर की है। दिल्ली यात्रा के दौरान देवनानी ने अजमेर जिला कलक्टर से दूरभाष पर घटना की विस्तार से जानकारी ली और प्रशासन को मौके पर पहुँचने तथा समुचित राहत कार्य किये जाने के निर्देश दिये। अजमेर में उर्स मेला आगामी दिनों में आरम्भ होने वाला है, ऐसी स्थिति में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए देवनानी ने जिला कलक्टर से कहा कि दरगाह क्षेत्र में ऐसी कोई अन्य जर्जर बिल्डिंग हो तो उन पर भी अपेक्षित और आवश्यक कार्यवाही तुरन्त करें।



## देवनानी की राष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर देवनानी ने राष्ट्रपति को गुलदस्ते भेंट करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। राष्ट्रपति ने विधानसभाध्यक्ष को उनके नए पदभार के लिए बधाई दी।

## दिल्ली, राजस्थान सहित कई राज्यों में कंपकंपाती ठंड का कहर, कश्मीर में प्रचंड शीत लहर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली सहित पूरा उत्तर भारत शीतलहर और कोहरे की चपेट में है। दिल्ली के अलावा राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों में बीते कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात काफी प्रभावित हो राह है। कम दृश्यता के कारण हादसे भी हो रहे है। कोहरे के कारण सुबह घरों से निकलने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। खासतौर पर वाहन चालकों के सामने इस समय चुनौती है। दिन का तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया है और दिनभर कोहरे की धुंध देखने को मिल रही है।




ANCHOR — 120 सीटों के लिए 21 को होगी परीक्षा

# वृंदावन में खुला लड़कियों के लिए देश का पहला सैनिक स्कूल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मथुरा @ प्रेमदत्त शर्मा।** कृष्ण और राधा की धरती मथुरा की पहचान अब यहां की लड़कियों से भी होगी। महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में मिशन शक्ति एक शानदार उदाहरण है। समाज को सशक्त बनाना है तो पुरानी सोच से बाहर आना होगा। यह बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ ने वृंदावन में खुल रहे देश में लड़कियों के पहले सैनिक स्कूल के उद्घाटन के दौरान कहीं। साध्वी ऋतंभरा द्वारा स्थापित वात्सल्य ग्राम परिसर में इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बाबा रामदेव भी मौजूद रहे।

मथुरा के वृंदावन में देश का पहला कन्या सैनिक स्कूल खुला। यहां उन्हें सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ आर्मी की ट्रेनिंग भी दिलाई जाएगी। 120 सीटों के लिए इसी महीने परीक्षा भी होगी। इसका लोकार्पण एक जनवरी को साध्वी ऋतंभरा के जीवन के 60 साल पूरे होने पर आयोजित षष्ठिपूर्ति महोत्सव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया।



देश का पहला कन्या सैनिक स्कूल सोमवार को वृंदावन में खुला। इस दौरान स्वामी परमानंद प्राकृतिक चिकित्सालय का भी लोकार्पण योग गुरु रामदेव ने किया। साध्वी ऋतंभरा द्वारा स्थापित वात्सल्य ग्राम परिसर में समविद् गुरुकुलम बालिका सैन्य विद्यालय आरंभ हो गया। वात्सल्य ग्राम के प्रवक्ता उमाशंकर राही ने बताया कि विद्यालय में 120 सीटें हैं। इसमें एडमिशन के लिए राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी परीक्षा कराती है। इसी महीने 21 जनवरी को लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों की ई-काउंसिलिंग होगी और मेरिट लिस्ट बनेगी। अगला सत्र अप्रैल से शुरू होगा। बेटियों के 3 बैच बनाए जाएंगे। बेटियों को सीबीएसई शिक्षा के साथ सैन्य शिक्षा, खेलकूद और बाधा प्रशिक्षण कराया जाएगा। पूर्व सैनिकों और एनसीसी की तरफ से ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

## 4 मंत्रियों ने संभाला पदभार : भाजपा के संकल्प को पूरा करने का लिया संकल्प

# सचिवालय में दिखी रंगत, विभागों का इंतजार




कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने परिवार सहित कार्यालय की पूजा की।



मंत्री अविनाश गहलोत पदभार संभालने पहुंचे परिवार व मित्रों के साथ।



कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने सचिवालय में आवंटित अपने कक्ष में।



पहली बार मंत्री बने जवाहर सिंह बेढम ने सचिवालय में संभाला कार्यभार।

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

प्रदेश में भाजपा सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने के बाद अब मंत्रियों ने पदभार भी संभालना शुरू कर दिया है। सोमवार को सचिवालय में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जोगाराम पटेल, जवाहर सिंह बेढ़म और अविनाश गहलोत ने पद भार संभाला। इस दौरान मंत्रियों ने कहा कि वे भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र की घोषणाओं को पूरा करेंगे।

सचिवालय में वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर लगी आदर्श आचार संहिता के बाद मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने दफ्तर आना छोड़ दिया था। उसके बाद से सचिवालय के गलियारों में मानों सन्नाटा सा दिखाई देता था, लेकिन अब एक बार फिर सचिवालय में रौनक लौटने लगी है। मंत्रियों के विभागों के आवंटन का सभी को इंतजार है।

### आलाकमान की मुहर के बाद ही घोषित होंगे पोर्टफोलियो

नए साल के पहले दिन सभी को उम्मीद थी कि मंत्रियों को विभागों का आवंटन हो जाएगा, लेकिन सोमवार को पूरा दिन निकल जाने के बाद भी इस बारे में कोई सूचना नहीं मिली। प्रदेश में पार्टी की कमान पूरी तरह दिल्ली में बैठे हाईकमान ने संभाल रखी है। मुख्यमंत्री चयन के बाद मंत्रिमंडल के सदस्यों की सूची भी दिल्ली से ही फाइनल हुई है। यहां तक कि राज्य के मुख्य सचिव का नाम भी दिल्ली से ही आया है। अब भजनलाल कैबिनेट के सदस्यों के लिए विभागों का आवंटन करना बाकी है। माना जा रहा है कि यह काम भी आलाकमान की सलाह के अनुसार ही किया जाएगा। इसका एक कारण यह भी है कि प्रदेश में नियुक्ति हुए अधिकतर मंत्रियों में से 80 फीसदी सदस्यों पहली बार मंत्री बने हैं। ऐसे में आलाकमान विभाग आवंटन में पूरी एहतियात बरतने का प्रयास कर रहा है, इस कारण पोर्टफोलियो में समय लग रहा है। आलाकमान की ओर से तय होने के बाद मंत्रियों को पोर्टफोलियो जारी कर दिए जाएंगे।

### भ्रष्टाचार से मुक्त प्रदेश बनाएंगे

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने पदभार ग्रहण करने के साथ कहा कि प्रदेश में राम राज्य की स्थापना करेंगे, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत का संकल्प का सपना देखा है उसको हम पूरा करेंगे। **कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल** ने मंत्री पदभार संभालने के बाद कहा कि एक छोटे से कार्यकर्ता को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। हमें राजस्थान को अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाना है।

### करेंगे 100 दिन की कार्य योजना पर काम

**कैबिनेट मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म** ने कहा कि मेरे जैसे एक साधारण कार्यकर्ता को बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। भारतीय जनता पार्टी ने जो संकल्प पत्र प्रस्तुत किया है उसे प्राथमिकता में रख कर काम करेंगे। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास की परिकल्पना पर काम करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल ने जो 100 दिन की कार्य योजना तय की है उस पर काम करेंगे। बेढम ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल ने गरीब कल्याण की योजनाओं की शुरुआत कर दी है।

### बिना भेदभाव के दिलाऊंगा लाभ

**कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत** ने पदभार ग्रहण करने के अवसर पर कहा कि प्रदेश संगठन, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री मोदी ने जो भरोसा मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता के ऊपर जताया है, मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ उसे बनाए रखूंगा। मैं जब तक पद पर रहूंगा तब तक ईमानदार से काम करता रहूँगा। प्रदेश के हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव के लाभ देने की कोशिश होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास, उस दिशा में पूरी तरह से काम करना है।

## भाजपा कार्यालय में वितरित की गई रामचरित मानस

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा में सहभागिता निभाने के लिए पार्टी कार्यालय में सहयोगी साथियों को रामचरित मानस पुस्तक और दिया-बाती भेंट की।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने लोगों को आह्वान किया कि वे 22 जनवरी को उत्सव के रूप में मनाएं। श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम की देशभर में धूम मची है और लोगों में भारी जोश, उमंग और उत्साह दिखाई दे रहा है। विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठन सहित आमजन शोभा यात्रा निकालने, रामायाण और हनुमान चालीसा का पाठ करने जैसे कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। देश इस दिन एक बार फिर से दीपावली मनाने जा रहा है।

## बीजेपी प्रदेश कार्य समिति की बैठक अगले सप्ताह

जयपुर। नए साल के आगाज के साथ ही सभी पार्टियां अपनी अपनी चुनावी तैयारियों में जुट गयी हैं। इसी बीच भाजपा प्रदेश टीम की बैठक जनवरी के दूसरे सप्ताह में होगी। 7 और 8 जनवरी को बीजेपी प्रदेश कार्य समिति की बैठक आयोजित होगी। गृहमंत्री अमित शाह बैठक को संबोधित कर सकते है, जहां मिशन 25 को लेकर चर्चा होगी।

डीजी कॉन्फ्रेंस के चलते अमित शाह 7 जनवरी को जयपुर में ही रहेंगे। अमित शाह कार्यसमिति के ओपनिंग सेशन को संबोधित कर सकते हैं। जयपुर में ही बीजेपी प्रदेश कार्य समिति की बैठक का आयोजन होगा। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी बैठक में मौजूद रहेंगे। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### नवनिर्वाचित मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# आरएएस परीक्षा हो स्थगित, ईआरसीपी शुरू की जाए

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

पिछले कई दिनों से आरएएस मेंस परीक्षा स्थगित करवाने को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों को भजनलाल शर्मा के मंत्री का समर्थन मिला है। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर आरएएस भर्ती परीक्षा को स्थगित कराने की मांग की। इसके साथ ही मीणा ने ईआरसीपी को शुरू करने की भी मांग की।

कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात के बाद कहा कि, आरएएस परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यार्थी परीक्षा स्थगित कराने की लंबे समय से मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और मेरे से भी मिले। अभ्यर्थियों की मांग को लकेर सीएम से मिला हूं। सीएम को अवगत कराया कि अभ्यर्थियों को तैयारी का पूरा समय मिलना चाहिए।



### समय कम मिला

मीणा ने कहा कि आमतौर पर अभ्यर्थियों को तैयारी करने के लिए 5 से 6 महीने का समय मिलता है, लेकिन इस बार केवल 3 महीने का समय मिल रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री के सामने अभ्यर्थियों की समस्या को रखा। इसके साथ ही सीएम के सामने पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी कैसे जल्द से जल्द हो लागू और लोगों को फायदा मिले, इसे लेकर भी चर्चा की। ईआरसीपी को लेकर मंत्रिमंडल सदस्यों की कमेटी बनेगी।

### सीएम से मिले आईएएस एसोसिएशन के अधिकारी



मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान आईएएस ऑफिसर एसोसिएशन के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आईएएस एसोसिएशन के चैयरमेन कुंजीलाल मीना, जनरल सेक्रेटरी समित शर्मा और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अभय कुमार सिंह व हेमंत गेरा उपस्थित रहे।

## प्रदेश की खुशहाली के लिए पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित





**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश भाजपा कार्यालय जयपुर के बनवारीलाल शर्मा द्वारा अपने निज निवास पर माताजी मंदिर में वर्ष 2023 का समापन और नव वर्ष 2024 की पूर्व संध्या पर पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक, पार्षद और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। इस मौके पर बनवारीलाल जी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौषबड़ा कार्यक्रम प्रदेश की खुशहाली व उन्नति के निमित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में माता का विशेष श्रृंगार किया गया भजन संध्या आयोजित की गई।

## चिकित्सा अधीक्षक को कार्यालय स्टाफ द्वारा नववर्ष पर गुलदस्ता भेंट किया



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर से सम्बंद्ध राजकीय कांवटिया अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. राजेन्द्र सिंह तँवर, वरिष्ठ आचार्य (मेडिसिन) को अस्पताल के कार्यालय स्टाफ द्वारा गुलदस्ता भेंट करके नववर्ष पर शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक, अशोक कुमार शर्मा, हीरालाल वर्मा, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, शिवा वरिष्ठ, चन्द्रप्रकाश डिग्गीवाल, पवन सोमावत, हेमन्त कुमावत, सुरेश बारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहें। चिकित्सा अधीक्षक द्वारा कार्यालय स्टाफ को नववर्ष पर मिठाई खिलाई गई।

ANCHOR | हाल-ए-मौसम

### माउंट आबू में जमी बर्फ, कोहरे के आगोश में शहर, 20 से ज्यादा शहरों का पारा 10डिग्री से नीचे

# गुलाबी नगरी में गलन वाली ठंड, कई शहर शीतलहर की चपेट में

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

पहाड़ों से आ रही सर्द हवाएं मैदानी इलाकों को ठंडा कर रही है। शीत हवाओं से प्रदेश के शहरों के दिन के पारे में 6 और रात के पारे में 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के 20 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। रविवार रात जयपुर की सीजन की सबसे सर्द रात रही। माउंट आबू में दूसरे दिन भी रात का पारा जमाव बिंदू पर रहा। इससे पेड़-पौधों और वाहनों की छतों पर बर्फ की हल्की परत जमी नजर आई। शेखावाटी के साथ प्रदेश के कई शहरों में घना कोहरा छाया गया और दिनभर शीत हवाएं चलती रही। शीतलहर के चलते 17 शहरों का दिन का पारा 20 से नीचे रहा।

मौसम विभाग के अनुसार माउंट आबू के अलावा फलोदी का न्यूनतम तापमान 5.2, सीकर का 6, जैसलमेर का 6.2, बीकानेर का 6.4, संगरिया और सिरोही का पारा 7.7, अलवर और श्रीगंगानगर का 8.2, पिलानी का 8.5, फतेहपुर का 8.7, अजमेर और करौली का 8.8, पाली , बाड़मेर और चित्तौड़गढ़ का 9, चूरू का 9.1, धौलपुर का 9.5 और भीलवाड़ा का 9.8 डिग्री दर्ज किया गया।







प्रदेश की राजधानी जयपुर में सोमवार को तेज सर्दी ने लोगों को ठिठुरा दिया। शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल आमेर और जलमहल के आसपास कोहरे का असर बहुत ज्यादा रहा, जिस कारण लोगों ने अलावा जलाकर सर्दी से बचाव करने की कोशिश की।

### प्रमुख शहरों की एक्यूआई

| शहर | एक्यूआई ( अलर्ट ) | शहर | एक्यूआई ( अलर्ट ) |
|---|---|---|---|
| हनुमानगढ़ | 357 (रेड) | उदयपुर | 240 (ऑरेंज ) |
| चूरू | 320 (रेड ) | कोटा | 238 (ऑरेंज) |
| चित्तौडगढ़ | 316 (रेड) | धौलपुर | 230 (ऑरेंज ) |
| भिवाड़ी | 310 (रेड) | दौसा | 220 (ऑरेंज) |
| बीकानेर | 289 (ऑरेंज) | भरतपुर | 201 (ऑरेंज ) |
| टोंक | 250 (ऑरेंज) | अलवर | 145 (यलो ) |

### जयपुर का रात का पारा 2 डिग्री गिरा, दिन का तापमान बढ़ा

जयपुर में दिनभर हल्के बादल छाए रहे और सुबह घना कोहरा भी देखने को मिला। दोपहर करीब 10 बजे सूरज की रोशनी नहीं दिखी। इस दौरान मध्यम गति की सर्द हवाएं चली। बादलों के चलते जयपुर के दिन के पारे में मामूली बढ़ोतरी और रात के पारे में गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 20.8 और न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर के रात के पारे दो डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई।

### संगरिया का दिन सबसे ठंडा, दिन का पारा 20 डिग्री गिरा

शीतलहर के चलते प्रदेश के 17 शहर नए साल के पहले दिन सोमवार को कोल्ड डे की चपेट में रहे। 11 डिग्री के साथ संगरिया का दिन सबसे सर्द रहा। इसके अलावा भीलवाड़ा, कोटा, सीकर,चित्तौड़गढ़,जैसलमेर, बारां, सिरोही, फतेहपुर, पिलानी, अलवर, श्रीगंगानगर, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, बीकानेर, चूरू और करौली का दिन का पारा 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। संगरिया के अलावा श्रीगंगानगर का दिन का पारा 11.5, धौलपुर का 13.3, पिलानी का 15.6, करौली का 15.8, सवाईमाधोपुर का 18.7 और चूरू का 18 डिग्री दर्ज किया गया।

### दो दिन से खराब हो रही आबोहवा

**दो** दिन से जयपुर की आबोहवा लगातार खराब हो रही है। सोमवार को जयपुर की वायु गुणवत्ता 260 दर्ज की गई। रविवार को जयपुर की वायु गुणवत्ता 245 दर्ज की गई थी। इसके अलावा शास्त्रीनगर का एक्यूआई 268, आदर्शनगर में 223, पुलिस कमिश्नरेट में 205 दर्ज हुआ।

## जागरूक खबरें

### ■ मतदान के दिन निर्वाचन क्षेत्रों में परक्राम्य अवकाश घोषित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के आगामी उपचुनाव के दौरान मतदान दिवस 10 जनवरी को संबंधित क्षेत्रों में (मतदान होने की स्थिति मे) परक्राम्य अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में वित्त (मार्गोपाय) विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार प्रदेश के संबंधित नगरीय निकायों एवं पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में मतदान दिवस (10 जनवरी) पर परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के तहत अवकाश रहेगा।

### ■ विधि रचनाकार के 9 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 4 फरवरी तक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सोमवार को विधि रचनाकार (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) के 9 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया है। शैक्षणिक योग्यता, विषयवार पदों की संख्या, वर्गवार वर्गीकरण एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 जनवरी से 4 फरवरी 2024 की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।



रैनबसेरों में पहुंचे मुख्यमंत्री जाना लोगों का हाल

# मुख्यमंत्री ने निराश्रितों को बांटे कम्बल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष के अवसर पर रामनिवास बाग एवं जेके लोन अस्पताल के पास स्थित रैनबसेरों में रह रहे लोगों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। साथ ही, उन्होंने सड़कों पर रह रहे निराश्रित लोगों को कंबल वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रैनबसेरों में व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया एवं प्रबंधको व कार्मिकों को रैनबसेरों को स्वच्छ और साफ रखने सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश दिए। शर्मा ने रैनबसेरों में रह रही महिलाओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने महिलाओं के रैनबसेरों में कपड़े की अस्थाई दीवार लगाने की जगह प्लाई की दीवार बनाने तथा लकड़ी का दरवाज़ा लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी रैनबसेरों के पास मोबाईल शौचालय खड़े करने के आदेश दिए ताकि वहां रह रहे लोगों को नित्यक्रियाओं के लिए दूर ना जाना पड़े। उन्होंने रैनबसेरों के आसपास बने गड्ढों को तुरंत भरने के आदेश दिए ताकि किसी को चोट ना लगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी निराश्रित व्यक्ति इस ठंड के मौसम में खुले में ना सोए।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कांग्रेस पर बोला हमला... कहा, आनन-फानन में लगाई शिला पट्टिका

# सीकर रोड, अम्बाबाड़ी से जुड़ेगा झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट झोटवाड़ा को अंबाबाड़ी और सीकर रोड को एलिवेटेड रोड से जोड़ने की योजना है। झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी का कहा, इसका उद्घाटन कांग्रेस के कार्यकाल में जल्दबाजी में किया गया था जबकि इसका काम पूरा नहीं हुआ है। डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा जल्द ही इसका काम पूरा हो जाएगा। अधिकारी इसे पूरा करने के लिए फिलहाल 2 महीने का समय मांग रहे हैं, लेकिन मैंने उन्हें 3 महीने का समय दिया है ताकि कोई लापरवाही न हो और सुरक्षा और गुणवत्ता बनी रहे। 5 अक्टूबर 2023 को राव शेखाजी एलिवेटेड रोड का लोकार्पण कर वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया था। निवारू टी-जंक्शन से अंबाबाड़ी तक के इस एलिवेटेड रोड का पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने वर्चुअल लोकार्पण किया था। हालांकि अभी 2.4 किमी लंबे इस एलिवेटेड में से केवल डेढ़ किमी में ही यातायात शुरू किया गया है। रोड के शुरू होने से निवारू रोड, दादी का फाटक, झोटवाड़ा इंडस्ट्रीज एरिया के साथ सीकर रोड की आबादी को फायदा मिलेगा। जानकारी अनुसार बाकी के बचे एलिवेटेड रोड का काम 3 माह में पूरा हो जाएगा।



### झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट

**झोटवाड़ा** एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट झोटवाड़ा को अंबाबाड़ी और सीकर रोड को एलिवेटेड रोड से जोड़ने की योजना है। यह योजना की लागत 167 करोड़ रुपए है। इस एलिवेटेड रोड़ की लंबाई करीब 2.4 किमी है। इसके निर्माण से करीब लाखों जनता और 1400 कॉलोनियों को बड़ी राहत मिलेगी।

रामोत्सव शुरू, मेयर ने की महापुरुषों की मूर्ति की सफाई

# 22 को 5 लाख दीपकों से जगमग होगा जयपुर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर देशभर में उल्लास नजर आ रहा है। 22 जनवरी को जयपुर भी 5 लाख दीपकों से जगमग होगा। इससे पहले आज से ग्रेटर नगर निगम की ओर से रामोत्सव शुरू हुआ। मेयर सौम्या गुर्जर ने पार्षदों के साथ शहर में महापुरुषों की मूर्ति की सफाई के साथ रामोत्सव का शुभारंभ किया। अब 21 दिन तक शहर में विशेष आयोजन होंगे। मेयर सौम्या गुर्जर ने सुबह सबसे पहले अंबेडकर सर्किल पर अंबेडकर की मूर्ति की साफ–सफाई की। इसके बाद स्टेच्यू सर्किल और नगर निगम मुख्यालय स्थित पं. दीनदयाल की मूर्ति व उसके आसपास साफ–सफाई की गई। इस दौरान अग्निशमन वाहनों से मूर्तियों की धुलाई की गई। वहीं रंगोली सजाई गई। हर वार्ड में महापुरुषों की मूर्तियों व उसके आसपास साफ–सफाई की जा रही है। 22 जनवरी तक मिशन मोड़ पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। हर दिन साफ–सफाई के साथ विशेष आयोजन किए जाएंगे। इनमें मंदिरों व सार्वजनिक जगहों पर साफ–सफाई के साथ रंगोली की जाएगी और उन्हें सुंदर बनाया जाएगा। विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ आयोजित किए जाएंगे। मंदिरों में दीपदान के आयोजन होंगे। रामोत्सव के तहत 3 जनवरी को सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों व मंदिरों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

## 'श्री स्मृतियां' में उत्साह से शामिल हुए छात्र



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सरस्वती शिशु निकेतन सेकेंडरी स्कूल, शास्त्री नगर में "श्री स्मृतियां अल्युमिनियम मीट 2023" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 250 बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पार्टिसिपेट किया। विद्यालय के डायरेक्टर भगवान बंसल की सातवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में उनको श्रद्धांजलि देते हुए इस प्रोग्राम को प्रारंभ किया गया। प्रोग्राम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई और प्रथम बैच से लेकर 2013 तक के सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अंत में प्रधानाध्यापिका डॉ. अंजना बंसल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सरस्वती शिक्षा सदन के बच्चों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत की सफाई



**जयपुर @ जागरूक जनता।** पुराने विद्याधर नगर स्थित सरस्वती शिक्षा सदन एवं सरस्वती चिल्ड्रन्स एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं ने स्थानीय दशहरा मैदान में स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई कार्य में श्रमदान किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने योग अभ्यास भी किया। विद्यालय के डायरेक्टर संतोष शर्मा ने छात्रों को सफाई का महत्व विषय पर टिप्स भी दिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय का पूरा स्टाफ भी उपस्थित था। लगभग तीन घंटे तक चले अभियान में पूरे दशहरा पार्क से गंदगी हटाकर साफ कर दिया।

## घर-घर पहुंच रहे राम मंदिर अयोध्या में पूजित पीले चावल



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा अयोध्या में प्रतिष्ठित होने वाले रामलला के दर्शन के लिए सभी को आमंत्रित किया जा रहा है। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाली है। इसके साथ मंदिर के द्वार सभी राम भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा जे.पी. कॉलोनी, विद्याधर नगर में अयोध्या राम मंदिर द्वारा पूजित पीले चावल और आमंत्रण पत्र घर-घर दिया गया। इस मौके पर भाजपा वार्ड 24 अध्यक्ष पं. मनोज शर्मा ने बताया कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव क्षेत्र में पूरे उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आमंत्रण दौरे के दौरान विक्रम, भूपेन्द्र, चेतेन्द्र, नरेश, सतीश, महेश शाह, पीयूष, रवि, राजेन्द्र, सतीश जागा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता आज से, दीया कुमारी करेंगी शुभारम्भ

**जयपुर @ जागरूक जनता।** 67वीं राष्ट्रीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता के तहत 17 वर्ष आयु छात्रा संवर्ग के मुकाबले बुधवार से जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में आरम्भ होंगे। प्रतियोगिता शुभारम्भ उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) जयपुर राजेन्द्र हंस ने बताया कि प्रतियोगिता के 3 से 8 जनवरी तक आयोजित होने वाले मुकाबलों में देशभर से 29 टीमें शिरकत कर रही है, जिनमें 348 छात्राएं और 87 आफिशियल शामिल है। स्कूल शिक्षा निदेशक कानाराम, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी, राजस्थान राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी गहलोत, क्रीड़ा भारती, राजस्थान के संयोजक मेघसिंह तथा राजस्थान रग्बी फुटबाल एसो. के चेयरमैन सुरेश मिश्रा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

रामोत्सव को लेकर ग्रेटर निगम की पहल

# भगवान के चढ़े फूलों का होगा सदुपयोग

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामोत्सव का आयोजन हो रहा है। जयपुर में रामोत्सव को लेकर ग्रेटर नगर निगम ने नई पहल शुरू की है। भगवान को चढ़ें फूलों का अब सदुपयोग होगा। रामोत्सव को लेकर ग्रेटर नगर निगम में संत-महंतों की बैठक हुई। इसमें आए प्रमुख मंदिरों के संत–महंतों ने रामोत्सव को लेकर अपने–अपने सुझाव दिए। बैठक में भगवान के चढ़ने वाले फूलों से खाद बनाने और रामोत्सव को लेकर मंदिरों में दीपदान के साथ सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा के पाठ करने के सुझाव आए। बैठक की शुरुआत में मेयर सौम्या गुर्जर ने संत–महंतों का स्वागत किया। बैठक में मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने मंदिर ट्रस्ट की ओर से कंपोस्ट मशीन लगाने की बात कही, हालांकि नगर निगम को जगह उपलब्ध करवानी होगी। शहर के मंदिरों से भगवान को चढ़ने वाली मालाओं एकत्र कर इस मशीन से खाद बनाई जाएगी, जिसे पौधों में डाला जाएगा। महंत ने रामोत्सव को लेकर शोभायात्रा निकालने की बात भी कही।

### खाद का पौधों में होगा उपयोग

मेयर सौम्या गुर्जर ने बताया कि निगम की ओर से कंपोस्ट मशीन के लिए जल्द ही जगह का चयन किया जाएगा, इसके बाद मंदिरों से भगवान को चढ़ी मालाओं को एकत्र कर उनसे खाद तैयार की जाएगी, इस खाद को नगर निगम के पार्कों में पौधों में उपयोग किया जाएगा। वहीं नगर निगम की ओर से बुधवार को मंदिरों में साफ–सफाई करवाई जाएगी।

### 1100 दीपकों से जगमग होगा खोले का हनुमान मंदिर

खोले के हनुमानजी मंदिर समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने रामोत्सव को लेकर 22 जनवरी को खोले में हनुमानजी मंदिर में 1100 दीपक जलाने के अलावा मंदिर में सजावट की जाएगी। उन्होंने मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करने की भी बात कही। वहीं मानसरोवर के प्रजापति विहार स्थित श्रीचिन्ताहरण काले हनुमान मंदिर के महामंडलेश्वर मनोहरदास ने कहा कि रामोत्सव को लेकर 22 जनवरी को मंदिर में सुंदरकांड पाठ व अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

### 492 साल के इतिहास की लगेगी प्रदर्शनी

बैठक में पचार पीठ के सौरभ राघवेन्द्राचार्य ने कहा कि रामोत्सव को लेकर जगह–जगह गोष्ठी करवाई जानी चाहिए। वृंदावन धाम श्योपुर मंडल के विष्णु शर्मा ने भागवत कथा करवाने और राम जन्मभूमि के 492 साल के इतिहास की प्रदर्शनी लगाने की बात कही। जैन मंदिर सांगानेर में दीपदान होगा।

## नशे की बुराई छोड़ कर रक्तदान की अच्छाई ग्रहण करने का लिया संकल्प

# दूध से किया नववर्ष का स्वागत



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट द्वारा एक साथ 27 विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क दुग्ध पान का विराट आयोजन किया गया। युवाओं को दुष्प्रवृत्ति से बचाने एवं समाज में सुसंस्कारों की स्थापना के उद्देश्य से गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट एवं अन्य समाजसेवी संस्थाओं/संगठनों के सहयोग से राष्ट्रीय व्यसन मुक्ति अभियान की एक नई कडी के रूप में प्रतिवर्ष की भांति बीते 31 दिसम्बर को सायं 7 से रात्रि 12 बजे तक "नव वर्ष का स्वागत शराब से नहीं, दूध से" कार्यक्रम जयपुर शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुरलीपुरा स्कीम सर्किल, वैशाली नगर, खातीपुरा, शास्त्री नगर, बनी पार्क, श्याम नगर, बैनाड़ रोड (श्याम नगर, सीतावाली फाटक, जोरावर नगर, नाड़ी का फाटक, बाग के बालाजी), झोटवाड़ा, विद्याधर नगर, दादी का फाटक, चांदपोल बाजार, जोड़ला, हरमाड़ा, कालवाड़ रोड, सीकर रोड, निवारू रोड आदि 27 स्थानों पर गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट, लोटस, सरस डेयरी, वैशाली नगर व्यापार मंडल, पूज्य सिंधी पंचायत संस्थान एवं अन्य स्थानों पर आयोजित किया गया। ट्रस्ट के वरिष्ठ प्रतिनिधि मोहन दुसाद ने बताया कि इन स्थानों पर नशा मुक्ति परामर्श केंद्र भी बनाये गए, जहां नशा करने वालों को नशा मुक्ति की प्रेरणा दी गयी। बैनर एवं प्रदर्शनी लगाई गयी एवं नशा मुक्ति औषधि भी उपलब्ध कराई गयी। सभी स्थानों पर स्थानीय पार्षदों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने मौजूद रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।






## सम्पादकीय

# AI के लिए बने अलग मंत्रालय

**आजकल** दुनिया भर में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) से बनती उम्मीदों और आशंकाओं का ग्राफ जिस तेजी से चढ़ता जा रहा है, उससे साफ है कि अपने देश में भी इसके लिए अलग से एक मंत्रालय गठित करने का वक्त आ गया है। इसके अलग-अलग पहलुओं की पड़ताल करते हुए इस जरूरत की अहमियत को बेहतर ढंग से महसूस किया जा सकता है।

आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में AI का बढ़ता दखल इस बात का सबूत है कि लोग इससे अच्छे-बुरे ढंग से प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में AI को जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। ध्यान रखने की बात यह है कि इस दिशा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के प्रयास आम लोगों की आकांक्षाओं और आशंकाओं के अनुरूप होने चाहिए। एक स्वतंत्र और समर्पित मंत्रालय नए बनते कानूनों की कमियां दूर करते हुए इस प्रक्रिया को आसान बना सकता है।

**नियाभर में जिस तरह से AI का चलन भरा है भारत भी उसमें पीछे नहीं है। क्या अब AI को लेकर अलग से मंत्रालय बनाने का वक्त आ गया है? AI के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा होनी जरूरी है।**

एक अहम पहलू सामरिक क्षेत्रों में AI के इस्तेमाल का है। दूसरे देशों या नॉन स्टेट ऐक्टरों की अवांछित गतिविधियों से बचाव का काम सरकार के ही निर्देशन में चल सकता है। अलग मंत्रालय से न केवल इस कार्य को ज्यादा तवज्जो मिल सकेगी बल्कि इससे टेक्नॉलजी के विकास के अनुकूल माहौल बनाने में भी मदद मिलेगी। इसी से भविष्य में जेनरेटिव AI से भी ज्यादा ताकतवर तकनीक की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

तकनीक के नए चरण का विकास कितना नाजुक मसला है, यह AI के AI मामलों के मंत्री उमर अल ओलामा की बातों से साफ होता है। वह बताते हैं कि कैसे टेक्नॉलजी से डर और प्रिंटिंग प्रेस के ओवर रेग्युलेशन ने पश्चिम एशिया को करीब 200 वर्षों तक इस फील्ड में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से दूर रखा।

यह बात भी है कि AI का गैर-जिम्मेदाराना इस्तेमाल कई तरह के खतरों को जन्म दे रहा है, जो आखिरकार AI की ग्रोथ की रफ्तार को भी प्रभावित करेगा। ध्यान रहे, टेक्नॉलजी डिवेलपर्स हों या उनके क्लाइंट्स, इन दोनों का आचरण नैतिक बना रहे यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सरकार की ही होती है।

अभी AI को लेकर सरकार के रेस्पॉन्स की अगुआई नीति आयोग कर रहा है। चाहे नई टेक्नॉलजी को टेस्ट करने की बात हो या उसके लिए अनुकूल इकोसिस्टम बनाने की, दोनों काम उसी के जिम्मे हैं। लेकिन ये दोनों काम बेहतर ढंग से अंजाम दिए जा सकते हैं अगर एक स्वतंत्र मंत्रालय के सुपुर्द कर दिए जाएं, जहां न केवल एक निश्चित बजट होगा बल्कि ज्यादा लोग भी जुड़े होंगे।

समझना होगा कि भारत जैसी बड़ी इकॉनमी वाले देश में AI के लिए एक निर्धारित रास्ता सुनिश्चित करने की जरूरत है और इस काम को अंजाम देने वाली संरचना जितनी जल्दी बना दी जाए, भविष्य के दुष्परिणामों को रोकना उतना आसान होगा।

**राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन के तहत भारतीय फिल्मों के संरक्षण और डिजिटल बहाली का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसमें पुरानी, क्लासिक फिल्मों का डिजिटलीकरण, फिल्म की रीलों का संरक्षण और फिल्मों का रिस्टोरेशन शामिल है।**

# ताकि बचे रहें अतीत के सिनेमाई नगीने



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**इस मिशन के तहत लगभग 2200 भारतीय फिल्मों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इन अर्थों में यह दुनिया के सबसे बड़े फिल्म संरक्षण मिशन में से एक है। फिल्मों को हाई-टेक्नोलॉजी का उपयोग करके बहाल किया जाएगा, इसके बाद सभी फिल्मों को डिजिटल रूप से अच्छी तरह से संरक्षित किया जाएगा।**

**शायद** बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी होगी कि भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम इतिहास को पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) और राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) मिलकर दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म रिस्टोरेशन परियोजना पर काम कर रहे हैं। पिछले आठ वर्षों से यह काम राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन के तहत किया जा रहा है और अब इसके बेहतर नतीजे सामने आने लगे हैं। इस मिशन का लक्ष्य देश के सिनेमाई ख़ज़ाने को सुरक्षित रखने और इसे संग्रहीत करने की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन के तहत दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म बहाली परियोजना को शुरू करने के लिए 363 करोड़ रुपए का भारी बजट आवंटित किया है। इस मिशन के तहत लगभग 2200 भारतीय फिल्मों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। फिल्म निर्माताओं, वृत्तचित्र फिल्म निर्माताओं, फिल्म इतिहासकारों और निर्माताओं की समितियों ने फिल्मों के शीर्षकों को उनकी पुनर्स्थापना के लिए भाषा-वार पहले ही शॉर्टलिस्ट कर लिया है। इन अर्थों में यह दुनिया के सबसे बड़े फिल्म संरक्षण मिशन में से एक है। भारतीय फिल्मों की पुनर्स्थापना एक बार फिर वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पुरानी सदाबहार पुरानी भारतीय फिल्मों की महिमा को फिर से जीने का मौका देगी, जिसने कभी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया था।

इस मिशन के तहत एनएफएआई ने सत्यजीत रे की 10 प्रतिष्ठित फिल्मों की बहाली का काम पूरा कर लिया है, जिन्हें बाद में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में दिखाया जाएगा। इसी तरह जी. अरविंदन की 1978 की मलयालम फिल्म 'थम्पी' को भी रिस्टोर किया गया है। मलयालम फिल्म 'नीलाकुयिल' और वी. शांताराम की चर्चित फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ' जैसी अन्य फीचर फिल्मों को भी रिस्टोर किया जा रहा है। न केवल ये फिल्में, बल्कि एनएफएआई, फिल्म प्रभाग और अन्य दुर्लभ सामग्रियों के संग्रह से बहुत महत्वपूर्ण लघु वृत्तचित्र, जिनमें स्वतंत्रता-पूर्व के समय की सामग्री भी शामिल है, इन्हें भी बहाल करने का काम किया जा रहा है, ताकि नई पीढ़ी को इनके बारे में प्रामाणिक जानकारी हासिल हो सके। सभी फिल्मों को हाई-टेक्नोलॉजी का उपयोग करके बहाल किया जाएगा। जीर्णोद्धार के बाद सभी फिल्मों को डिजिटल रूप से अच्छी तरह से संरक्षित किया जाएगा।

दरअसल इसके पीछे विचार यह है कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन की चीज नहीं है, बल्कि इससे भी कहीं ज्यादा है। वह किसी देश की संस्कृति, इतिहास और सामाजिक विकास का प्रतिबिंब भी है। भारत जैसे विविधता भरे और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश में अपनी सिनेमाई विरासत को संरक्षित करने के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है। खास तौर पर तब जबकि दिग्गज अभिनेताओं और फ़िल्मकारों द्वारा बनाई गई अनेक फिल्मों के प्रिंट खराब होने और उचित संरक्षण की कमी के चलते नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय फिल्म हैरिटेज मिशन के हिस्से के रूप में पुरानी क्लासिक फ़िल्मों को पुनर्स्थापित और संरक्षित करने के प्रयासों के महत्व को आसानी से समझा जा सकता है। अनेक प्रतिष्ठित फिल्मी हस्तियों ने भी इस तरह की कोशिशों की प्रशंसा की है। प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री और दादा साहब फालके अवार्ड हासिल करने वाली अभिनेत्री वहीदा रहमान ने हाल ही अपनी एक रिस्टोर की गई क्लासिक फिल्म को नए सिरे से देखने का अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, ''मुझे अपनी खुद की फिल्में देखना पसंद नहीं क्योंकि उनमें बस कमियां ही कमियां नज़र आती हैं, लेकिन 'गाइड' के रिस्टोर किए संस्करण को देखकर मुझे बेहद सुखद आश्चर्य हुआ। 60 वर्षों के बाद भी यह एक समझदार और परिपक्व फ़िल्म बनी हुई है जो बहुत मनोरंजक भी है। अपनी बेटी के साथ इसे बड़े परदे पर देखना एक विशेष रोमांचकारी अनुभव था। मैं इन फ़िल्मों को रिस्टोर करने और आने वाली पीढ़ियों के मनोरंजन के लिए इन्हें हूबहू बचाकर रखने के लिए सूचना-प्रसारण मंत्रालय को धन्यवाद देना चाहती हूं।' प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक गोविंद निहालानी ने कहा, 'मेरी फ़िल्म 'आघात' का रिस्टोर किया गया संस्करण देखना बेहद संतोष भरा था। इसकी साउंड क्वालिटी, कलर करेक्शन, ग्रेन मैनेजमेंट सब कुछ उत्कृष्ट था। मुझे खुशी है कि एमआईबी और एनएफडीसी-एनएफएआई ने मेरी 35 मिमी फिल्म 'आघात' को रिस्टोर किया।'

2015 में शुरू किया गया राष्ट्रीय फिल्म हैरिटेज मिशन, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में एक सरकारी पहल है। इसका प्राथमिक उद्देश्य भारत की विशाल सिनेमाई विरासत को सुरक्षित, संरक्षित और डिजिटलीकृत करना है। इसमें खराब होती फ़िल्मों को रिस्टोर करना, फिल्मी प्रिंटों का डिजिटलीकरण, दस्तावेज़ीकरण और उनका संरक्षण करना शामिल है। यह सब एनएफडीसी-एनएफएआई के पुणे परिसर में अत्याधुनिक रिस्टोरेशन और डिजिटलीकरण सुविधाओं में किया जाता है। यकीनन एनएफडीसी-एनएफएआई ने भारत के सिनेमाई ख़ज़ाने को सुरक्षित रखने और संग्रहीत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि भावी पीढ़ियां भारतीय सिनेमा की समृद्ध विरासत तक पहुंच सकें और उसे देखें और देश के इतिहास की जानकारी भी हासिल करें। अब तक, 1,293 फीचर और 1,062 शॉर्ट्स और वृत्तचित्रों को हाई रिज़ॉल्यूशन में डिजिटल फॉर्मेट में बदला गया है। अतिरिक्त 2,500 फीचर और शॉर्ट्स और वृत्तचित्र डिजिटलीकरण के लिए पाइपलाइन में हैं। इसके अलावा, 1,433 सेल्युलाइड रीलों पर संरक्षण कार्य पूरा हो चुका है। यह फिल्म संरक्षण में दुनिया की अग्रणी विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय एजेंसी, एलश्इमेजिन रिट्रोवाटा के सहयोग से, अत्यंत सावधानी से किया गया है। कई पुरानी फिल्मों के प्रिंट लंबा वक्त गुजरने, अनुचित भंडारण और कई पर्यावरण संबंधी वजहों से खराब होने की स्थिति में हैं। अगर सावधानी से संरक्षित नहीं किया गया तो इन फिल्मों के हमेशा के लिए नष्ट होने का खतरा है। पुराने और खराब हो रहे प्रिंटों को सावधानीपूर्वक पुनर्जीवित किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि फिल्मों की मूल गुणवत्ता बनी रहे।

# नशामुक्ति से बनेगा स्वस्थ और सुसंस्कारित भारत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



भगवान प्रसाद गौड़
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**भारत** संस्कृति और परम्परा की भूमि है। पूरे विश्व में सबसे प्राचीन संस्कृति और विरासत हमारी है। यहां के लोगों में इंसानियत, उदारता, एकता, धर्मनिर्पेक्षता और मजबूत सामाजिक जुड़ाव का गुण विशेष है। जिस पर हर देशवासी को गर्व है। आने वाली पीढ़ियों को भी गर्व हो, इसके लिए एकजुट प्रयास की दरकार है। अगर हम आर्थिक समृद्धता और भौतिक विकास की दौड़ में संस्कारविहीन हो गए तो भविष्य अंधकारमय हो जायेगा। ज्ञात रहे संस्कृति मन और आत्मा का विस्तार है। संस्कृति ही मनुष्य को मानव बनती है।

हमें विरासत में शुद्ध जल, वायु, अन्न, मिले। संस्कार और भातृत्व से परिपूर्ण परिवार मिला। समृद्ध ज्ञान, प्रेम, करुणा और वीरता से भरपूर गुरु-ऋषि-मुनि और महापुरुष मिले।पर बाहरी आक्रमण और आजादी के बाद लोग शनैः -शनैः विरासत, संस्कार और प्रकृति प्रेम को भूलते हुए दुराचरण, नशे और पाखंड के शिकार हो गए।जो आज हर दृष्टि और क्षेत्र में हमें कमजोर करती जा रही है। जिसकी फिक्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी है। वीर बालक दिवस पर एक समारोह में उन्होंने कहा- "हमें विरासत का सम्मान करना चाहिए।" हमारी गौरवमयी विरासत समाज, देश और विश्व को नई दिशा देने और सशक्त बनाने में समर्थ है। साथ ही उन्होंने आज की युवा पीढ़ी में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर चिन्ता व्यक्त की। आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत के संकल्प को सुनिश्चित करने के लिए देश के हर बच्चे और नौजवन को स्वस्थ और संस्कारित बनाने की हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

नशे के चलते असमय मौत के ग्रास बनने वालों का आंकड़ा भी देश को डराने वाला है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष 1 करोड़ 35 लाख लोग केवल बीड़ी-सिगरेट, स्मॉक से तथा शराब की लत से 30 लाख व्यक्ति की मृत्यु होती है। दूसरी तरफ युवा पीढ़ी और धनाढ्य परिवारों को उजाड़ने के लिए ड्रग्स का गोरखधंधा चलाने वालों के षड्यंत्र से हर साल 7 लाख लोग इण्डियन मेडिकल ऐसोसिएशन के अनुसार मर जाते हैं। जब से लोगों की नसों में खून की जगह नशा दौड़ने लगा है , समाज में अपराध बढ़ने लगे हैं, युवा वर्ग रचनात्मक कार्यों की बजाय बीमार और खोखला होकर समाज पर बोझ बन बनता जा रहा है। भारत जैसे गौरवशाली देश में करीब 2 करोड़ लोगों की मौत नशे से हो जाना बेहद चिंताजनक है। नववर्ष की नवऊर्जा में संकल्प लें कि देश को नशे से बचाएंगे। राज्य और केन्द्र सरकार सहित सामाजिक संगठन आगे आकर देशव्यापी अभियान चलाएं। मादक पदार्थों के उत्पादन और ब्रिक्री पर कठोर कानून बनें। धूम्रपान और मद्यपान के विज्ञापन पर रोक लगे। 'नशा है नाश का द्वार' उक्ति से हर गांव -ढाणी - शहर व स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम हो।

# मनोविज्ञान : क्या आप अतिसंवेदनशील व्यक्ति हैं

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



डॉ. रामावतार शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**सन** 1990 के दशक में मनोविज्ञानी एलेन आरोन ने एक विशिष्ट व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से लिखा और इस तरह के व्यक्तित्व को हाइली सेंसिटिव पर्सन यानि अति संवेदनशील व्यक्ति कहा। तब से मनोविज्ञान में इस श्रेणी के व्यक्तित्व पर काफी कुछ लिखा जा चुका है। हमारे चारों तरफ ऐसे काफी लोग नजर आ सकते हैं यदि हम इस श्रेणी के व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से अभिज्ञ हों। एक अति संवेदनशील व्यक्ति यदि किसी समूह में शामिल हो और वहां कुछ ऐसा हो रहा हो या बोला जा रहा हो जिसको वह पसंद नहीं करता हो तो यह व्यक्ति या तो यकायक उस स्थान के चल देगा या फिर किसी कटु स्थिति को पैदा कर देगा जिसकी वजह से पूरा माहौल भारी हो जाता है। उदाहरण के लिए यदि कहीं समूह में बैठ कर लोग शोर मचा रहे हैं तो अति संवेदना वाला व्यक्ति उस स्थान से यकायक पलायन कर सकता है, अन्य किसी को डपट सकता है।

दूसरे लोगों के व्यवहार या विचार पर अपने आप को नियंत्रित रखना अति संवेदनशील व्यक्ति के लिए अति कठिन कार्य होता है, वह बहुत जल्द भाव विह्वल हो जाता है क्योंकि वह सामने वाले के अव्यक्त या गूढ़ संदेश को एक सामान्य व्यक्ति से कहीं ज्यादा समझ और पकड़ लेता है। ऐसा व्यक्तित्व एक दो धार वाली तलवार जैसा हो सकता है। दूसरों की भावनाओं को तुरंत पकड़ना रिश्तों में मजबूती तो लाता है पर एक दबाव भी पैदा करता है। चूंकि संवेदनशील व्यक्ति अल्प समय में बहुत कुछ सोचता है, विश्लेषण करता है तो वह मानसिक थकान का शिकार भी शीघ्रता से हो जाता है। माना जाता है कि हर पांच में से एक व्यक्ति अति संवेदनशील हो सकता है हालांकि अधिकतर लोग स्वयं इसके बारे में अनभिज्ञ हो सकते हैं कि वे इस श्रैणि में आते हैं। हल्ला गुल्ला, तेज रोशनी या तीखी गंध बहुत से लोगों के बर्दास्त से बाहर होती है और वे इन परिस्थितियों में बहुत अधिक विचलित हो सकते है। कई लोग तो इस संवेदनशीलता को असामान्य तक मानने लगते हैं जिसके कारण उनके सरदर्द जैसी व्याधि तक होने लगती है। कई लोग अपनी इस स्थिति पर शर्मिंदा होने लगते हैं और हीन भावना से ग्रसित भी हो सकते हैं। अति संवेदनशील व्यक्ति होना एक सामान्य स्थित है और यदि हम इसके प्रति जागरूक हों तो यह हमारे व्यक्तित्व की विशेषता हो सकती है। यह जानने के लिए कि क्या आप अति संवेदनशील व्यक्ति हैं तो आपको कुछ सवालों के जवाब स्वयं में खोजने पड़ेंगे।

1. क्या आप हर बात या व्यवहार की बारीकियां जानने को उत्सुक रहते हैं जिन्हे अन्य लोग अनदेखा करते हैं?
2. क्या आप समूह में बैठे अन्य लोगों की भावनाओं का विस्तृत अध्ययन करने लगते हैं ?
3. क्या आपको अपनी और समूह की भावनाओं में अंतर कर पाना मुश्किल लगता है ?
4. क्या आपका आवेश लंबे समय तक बना रहता है यदि आप किन्ही उग्र विचारवाले लोगों के संपर्क में आते हैं ?
5. क्या किसी तीखी बहस के बाद आपको व्यवस्थित होने में काफी समय लगता है ?
6. क्या आप कला या संगीत की भावनाओं का अन्य लोगों से अधिक सूक्ष्मता से पकड़ते हैं ?

अति संवेदनशील व्यक्ति होना असामान्य होना नहीं है। यदि आपको अपने व्यक्तित्व के बारे में गहन जानकारी है तो आप इसका उपयोग अपने जीवन को बड़ा उद्येश्य देने में कर सकते हैं। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए किसी दार्शनिक व्यक्ति से संपर्क आपके हित में हो सकता है क्योंकि यह व्यक्ति आपके व्यक्तित्व को आपके सामने स्पष्ट रूप में रख सकता है। इस बात को जानना कि आपके व्यक्तित्व की कमजोरियां और शक्तियां क्या हैं यह आपके जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



हर यानि हरण करो। और जिसने कहा हर, हर, हर इसका मतलब था इसका सब कुछ हरण कर लो। संसार में बद्धजीवों की अवस्था कैसी है, वे अपने स्त्री, पुत्र आदि में इतने आसक्त रहते हैं, उन्हें ईश्वर की याद तो दूर रही अपने निज के सुख-चैन की भी चिंता नहीं। बद्धजीव अपनी बीबी और बच्चों की याद कर करके रोता है। वह जिससे इतनी तकलीफ पाता है वही काम फिर करता है। भगवान के मंदिर में भी जाकर बच्चे को प्रसाद दिलाने, चरणामृत पिलाने और उसे देवता के आगे लोटपोट कराने में ही व्यस्त रहता है। वह अपने पेट पालने के लिए दूसरों का दास बनता है, झूठ, वंचना और खुशामद करके धनोपार्जन करता है। ईश्वर का ध्यान, भजन करने वालों को चुटकियों में उड़ाता है। संसार में फंसा हुआ जीव मृत्यु समय भी संसार की ही बातें करता है। ईश्वर को जानना है तो साधना की आवश्यकता है। दूध में मक्खन है राई में तेल है, किंतु उसे साधन से ही तो निकालना पड़ता है। मेंहदी से हाथ लाल होता है पर उसे पीस कर लगाना पड़ता है। बढ़े चलो। सात फाटकों के बाद राजा विराजमान है। सब फाटक पार होने पर ही तो राजा को देख सकोगे। (शरीर के भीतर सात चक्र ही सात फाटक हैं) सद्गुरु की शरण में जावो। निष्कपट होकर उनकी सेवा करने, श्रद्धा विश्वास तथा सरल और शुद्ध मन से जिज्ञासा करने पर गुरु स्वयं ही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त कर देंगे। **क्रमशः**

## ओपिनियन

# नई सरकार के सामने चुनौतियां हैं अपार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



राम शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**राजस्थान** में नई विधानसभा का गठन हो चुका है। मुख्यमंत्री के रूप में भजनलाल शर्मा और दो उपमुख्यमंत्रियों ने पदसंभाल लिया है। नए विधायकों ने भी शपथ ग्रहण कर ली। अब बात उन चुनौतियों की जो नई सरकार के सामने मुंह बाए खड़ी है। जैसे-जैसे सरकार अपने कार्यकाल की ओर आगे बढ़ेगी, उसे अनगिनत मुद्दों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित मुद्दे रहेंगे राज्य में बढ़ता अपराध और प्रदेश के बिगड़ते आर्थिक हालात। भाजपा ने अपने पूरे चुनाव प्रचार में इन दो मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया था। ये ही मुद्दे उसके सामने चुनौती बनकर खड़े हैं।

पहले बात अपराध की करते हैं। पिछले दो साल में ही राजस्थान में संगठित गिरोहधारी अपराधियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। गैंगस्टरों द्वारा फिरौती के लिए धमकाना और आपसी रंजिश के चलते हत्या करना एक आम बात हो गई है। पिछले दिनों ही श्री राजपूत राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेवसिंह गोगामेड़ी की हत्या इसका ज्वलंत उदाहरण है। गैंगस्टरों का खात्मा करना भजनलाल सरकार के सामने बड़ी चुनौती होगी। राजस्थान में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सामने प्राथमिक चुनौतियों में से एक अपराध दर में वृद्धि से जूझना है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा, चोरी और अपराध की घटनाएं चिंता का कारण रही हैं, जिसके लिए कानून प्रवर्तन और सामाजिक सुधारों के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सरकार का ध्यान पुलिस के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, कर्मियों के प्रशिक्षण को मजबूत करने और त्वरित न्याय और निवारण सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक भागीदारी में सुधार करने पर होना चाहिए। अपराध के मूल कारणों को तलाशकर उसके सामाजिक-आर्थिक तह तक जाना होगा। अपराधियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना होगा। जिसमें शिक्षा और रोजगार के अवसर शामिल हैं, खासकर हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए। प्रभावी निगरानी के लिए तकनीक का लाभ उठाने के साथ सामुदायिक पुलिसिंग पहल, अपराध की रोकथाम और अपराध की सूचना के बाद पुलिस का त्वरित रेस्पोंस अपराधों के नियंत्रण में सहायक सिद्ध हो सकता है। लिंग आधारित हिंसा से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग करते हुए महिलाओं की सुरक्षा को सशक्त बनाना सर्वोपरि है। पीड़ितों के लिए सहायक वातावरण बनाते हुए मौजूदा कानूनों को लागू करना और सुदृढ़ करना एक सुरक्षित समाज को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

कई राज्यों की तरह, राजस्थान भी आर्थिक बाधाओं का सामना कर रहा है। राजस्थान में सरकार पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे प्रदेश का राजकोषीया प्रबंधन डगमगा गया है। साथ ही बेरोजगारी, कृषि संकट, औद्योगिक विकास और निवेशकों को बुलाना जैसे मुद्दों पर भी रणनीतिक योजना बनाने की जरूरत है। बेरोजगारी एक गंभीर चिंता बनी हुई है, जिसके लिए कौशल विकास कार्यक्रम, उद्यमिता को बढ़ावा देने और पर्यटन, कृषि और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। प्रोत्साहन और सुव्यवस्थित नियमों के माध्यम से छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) को प्रोत्साहित करने से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कृषि क्षेत्र को किसानों के कल्याण, बेहतर सिंचाई सुविधाओं, बाजारों तक पहुंच और फसल विविधीकरण सुनिश्चित करने के लिए संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता है। ऐसी पहल जो स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देती हैं और अप्रत्याशित परिस्थितियों के दौरान जोखिम शमन रणनीतियाँ प्रदान करती हैं, ग्रामीण समुदायों का उत्थान कर सकती हैं। आर्थिक पुनरुत्थान के लिए निवेश आकर्षित करना और उद्योगों को पुनर्जीवित करना महत्वपूर्ण है। नौकरशाही बाधाओं को कम करने के लिए अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने, ढांचागत विकास और नीतिगत सुधारों के सरकार के प्रयास औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकते हैं, जिससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। राजस्थान में भाजपा सरकार के सामने चुनौतियाँ वास्तव में विकट हैं, पिछली कांग्रेस सरकार ने झूठी वाहवाही लूटने के लिए ऐसी योजनाएं चला दी। जिससे प्रदेश का आर्थिक ढांचा चरमरा गया। अब इसके लिए कानून प्रवर्तन, सामाजिक-आर्थिक सुधार और रणनीतिक नीति कार्यान्वयन को शामिल करते हुए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



माहिरा डॉटर समीर मलिक, जयपुर

**हमे भेजें**

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग





ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया**

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 03/01/2024**

**सूर्योदय :** 07:20 **सूर्यास्त :** 17:41 **चन्द्रोदय :** 24:15 **चन्द्रास्त :** 11:50 **शक सम्वत:** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** मार्गशीर्ष **पूर्णिमांत :** पौष **सूर्य राशि :** धनु **चन्द्र राशि :** कन्या **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** सप्तमी, 19:46 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **चन्द्रमास पौष :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **मार्गशीर्ष :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2080 राक्षस

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** उत्तर फाल्गुनी, 14:39 तक
**योग :** शोभना, 30:17 तक
**प्रथम करण :** बावा, 19:46 तक
**द्वितिय करण :** बालवा, 33:00 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:25 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:52 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:09 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:34 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:37 पी एम से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 02:46 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:58 पी एम से |
| रवि योग | 07:14 ए एम से |

**निवास और शूल**
दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : दक्षिण
होमाहुति : गुरु

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 07:19 - 08:37 | उद्वेग : 17:40 - 19:23 |
| अमृत | : 08:37 - 09:54 | शुभ : 19:23 - 21:05 |
| काल काल वेला | : 09:54 - 11:12 | अमृत : 21:05 - 22:47 |
| शुभ | : 11:12 - 12:30 | चर : 22:47 - 00:30 |
| रोग वार वेला | : 12:30 - 13:47 | रोग : 00:30 - 02:12 |
| उद्वेग | : 13:47 - 15:05 | काल : 02:12 - 03:55 |
| चर | : 15:05 - 16:23 | लाभ : 03:55 - 05:37 |
| लाभ | : 16:23 - 17:40 | उद्वेग : 05:37 - 07:19 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज सप्तमी

**आज कौन सा कार्य करें**

सरकारी कार्य, व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण कतई नहीं देना चाहिए।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

पौष, कृष्ण, सप्तमी, 2008 बुधवार, 3 जनवरी - 9 जनवरी, 2023

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
जीवनसाथी के साथ आपके विचार नहीं मिलेंगे। लेकिन आपको फिर भी धैर्यवान रहना चाहिये। प्रेम सम्बन्धों में थोड़ी नकारात्मकता रहेगी। उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिये।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
बड़ी डील के हिस्सेदार बन सकते हैं। नकदी की समस्या खत्म होने से मानसिक सन्तुष्टता महसूस करेंगे। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। घर में सगे-सम्बन्धियों का आगमन हो सकता है।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। आय- व्यय में सन्तुलन रहेगा। नये व्यवसाय पर धन निवेश कर सकते हैं। लोगों के सामने छवि काफी अच्छी रहेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में बेहतरीन लाभ मिल सकता है।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
अपने सिद्धान्तों से समझौता नहीं करना चाहिये। काम की बारीकियों में ध्यान देंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। लेखन और मीडिया से जुड़े कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक तनाव में कमी आयेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
घर में आकस्मिक खर्च बढ़ सकते हैं। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में कुछ बड़ा प्रयोग कर सकते हैं। जल का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। बच्चों की प्रगति से उत्साहित रहेंगे।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
ऐसे लोगों से दूर रहें जो आपको गलत सलाह देते हैं। आलस्य के कारण काम बिगड़ सकते हैं। कारोबार में अपेक्षित लाभ न मिल पाने के कारण मन व्यथित हो सकता है।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये प्रवृत्त रहेंगे। बैंकिंग और कंसल्टेन्सी से जुड़े लोगों को करियर में उच्च पद प्राप्त होगा। सारे काम आपके अनुसार पूर्ण होंगे। विवाह सम्बन्धित निर्णय लेने के लिये अच्छा समय है।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
कार्यक्षेत्र में प्रगति होने से उत्साहित रहेंगे। अपनी मेहनत और क्षमताओं पर विश्वास रखें। प्रेम विवाह को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझने का प्रयास करेंगे।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
परिवार में आपका वर्चस्व घट सकता है। स्वास्थ्य कुछ नरम सा हो सकता है। समय अनुसार अपने स्वभाव में लचीलापन रखें। जल्दी सफलता प्राप्त करने के लिये शॉर्टकट अपना सकते हैं।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
आपके ऊपर काम का अत्यधिक दबाव रहेगा। सन्तान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। समाजसेवा से जुड़े लोगों को मान-सम्मान प्राप्त होगा। नया काम शुरू करने से पूर्व उसकी पूरी तैयारी कर लें।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
धन निवेश करने के लिये समय बहुत ही अच्छा है। अपने निर्णयों पर अडिग रहेंगे। इससे पुराने केसों में आपको सफलता मिल सकती है।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
अपनी व्यक्तिगत बातों को लोगों के समक्ष सार्वजनिक न करें। सामाजिक और परोपकार के कार्यों के कारण आपका यश बढ़ेगा।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा स्कीम व सिंधु सेना ने किया संयुक्त कार्यक्रम**

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर पिलाया 2 क्विंटल दूध

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** वर्ष 2024 की पूर्व संध्या 31 दिसम्बर 2023 की शाम मुरलीपुरा स्कीम की मुख्य सर्किल पर ढाई क्विंटल दूध पिलाया गया। नव वर्ष के आगमन पर अक्सर लोग शराब पीकर उत्पात मचाते हैं। उस बुराई को दूर करने के लिए नववर्ष की पूर्व संध्या पर कई संस्थाएं दूध पिलाने का आयोजन करती हैं। इसी कड़ी में पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा स्कीम व सिंधु सेना ने दूध पिलाने का संयुक्त आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने दूध पीया। शाम 7 बजे से रात्रि साढ़े दस बजे तक दूध पिलाने का क्रम जारी रहा। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी, नगेन्द्र वशिष्ठ, शिवदयाल मिश्रा, बजरंग शर्मा, भवानी सिंह, कैलाशचन्द जांगीड़, वीडी शर्मा, हरिशंकर गौड़, परमानंद, भगवानदास, शशि हरिरामानी, कविता गंगवानी व भूमि कृपलानी, शैलेन्द्र शर्मा, मोहन नामदेव एवं बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित थे।




### अवैध ठेले-थड़ी वालों का अतिक्रमण परेशानी का कारण

**कार्यक्रम** स्थल पर दूध कार्यक्रम के दौरान सर्किल पर कुछ ठेले वालों ने कार्यक्रम को बाधित करने की भी कोशिश की। मगर कुछ समझदार लोगों के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। उल्लेखनीय है कि मुरलीपुरा सर्किल के चारों तरफ अवैध रूप से थड़ी ठेलेवालों ने रास्ते को अवरुद्ध कर रखा है। लंबी चौड़ी सड़क एक संकरी सी गली होकर रह गई है। इनकी वजह से आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मगर संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं जन प्रतिनिधियों ने किस वजह से इस अवैध अतिक्रमण को अनदेखा कर रखा है, ये तो वे ही जानें।

# उत्साह से मनाया "स्टेशन महोत्सव"

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के जयपुर स्टेशन के गौरवमय इतिहास को उत्सव स्वरूप मनाने के लिए जयपुर स्टेशन पर "स्टेशन महोत्सव" मनाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्टेशन महोत्सव योजना के अंतर्गत पूरे भारत वर्ष में स्टेशनों का स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जयपुर मंडल के स्टेशनों पर भी स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मण्डल रेल प्रबंधक विकास पुरवार नें बताया की कार्यक्रम में जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, विधायक गोपाल शर्मा, महापौर हैरिटेज मुनेश गुर्जर उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति वरिष्ठ रेल कर्मचारियों व अधिकारियों को माला पहना कर मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। साथ ही जयपुर स्टेशन भवन की समाकृति का केक भी काटा गया। महोत्सव के दौरान स्टेशन के इतिहास और जयपुर रेलवे स्टेशन के बारे में जागरूकता बढाने के लिए प्रस्तुतीकरण प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गोयल, संजीव दीक्षित,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीणा,जयपुर स्टेशन प्रबंधक मिहिर देव,मंडल वाणिज्य प्रबंधक विपिन कुमार शर्मा सहित स्टेशन पर कार्यरत रेलवे स्टाफ, स्कूल छात्र छात्राएं,बच्चे, रेल यात्री व आमजन उपस्थित थे।

# राजस्थानी लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में नववर्ष की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। क्लब सदस्यों एवं उनके परिजनों ने डीजे पर थिरकते हुए नववर्ष का स्वागत किया। नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, विशिष्ट अतिथि हवामहल विधायक महन्त बाल मुकुन्द आचार्य, भाजपा कला साहित्य, पर्यटन प्रकोष्ठ सहसंयोजक शालिनी शर्मा ने प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं क्लब सदस्यों को नववर्ष के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से मंगल कामना की।

क्लब अध्यक्ष राधारमण शर्मा, महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने बताया कि कोषाध्यक्ष राहुल गौतम के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में नेहा रोहिल्ला एण्ड पार्टी के लोक कलाकारों ने चिरमी, चरी नृत्य, पिया आओ तो, मत पियो छैल तम्बाकुड़ी, और रंग दे, मरू रंग, मोनिया युगल नृत्य, चन्द्र गोरजा, नखरों छोड़ दे भाभी, काजलियो, बीजणा, हिवडे सू दूर मत जाय मिल जावे, घूमर, उंचो घाल्यो पालणो, धरती धोरां री, सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसे देख दर्शक रोमांचित हो उठे। क्लब सदस्यों ने डीजे पर थिरकते हुए नववर्ष का आगाज किया। लोक कलाकार मिनाक्षी सैन ने फिल्मी गीतों पर नृत्यों की विशेष प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष राधारमण शर्मा, महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने बताया कि कोषाध्यक्ष राहुल गौतम उपाध्यक्ष विजेन्द्र जायसवाल, राहुल भारद्वाज एवं कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मोनिका शर्मा, अनिता शर्मा, दिनेश कुमार सैनी, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, सन्नी आत्रेय, नमोनारायण अवस्थी, विकास आर्य, उमंग माथुर, ओमवीर भार्गव दिनेश कुमार शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

# वन्यजीवों के चितेरे अजय पीलवा का बाघों को बचाने का अजेय प्रयास

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देश-दुनिया में वन्यजीवों के चित्रों में अपनी खास पहचान कायम करने वाले जयपुर के पेंटिंग आर्टिस्ट अजय सिंह पीलवा ने खासतौर टाइगर कंजर्वेशन को लेकर लोगों का ध्यान आकृष्ट किया है। तकरीबन बीस साल से आर्टिस्ट पीलवा टाइगर के हर मूमेंट को अपने कैनवस पर बेहतरीन ढ़ंग से उकेर रहे हैं जो बेहद चित्ताकर्षक दिखाई देते हैं। इनके चित्रों में दमदार ब्रश स्ट्रोक्स, हल्के, चटख कलरटोंस और टेक्निक के माध्यम से टाइगर की बर्करफ्तारी को कैनवस पर शिद्दत से महसूस किया जा सकता है।

वन्य जीवन और कला के प्रति उनका जुनून 3 साल की उम्र में शुरू हुआ, जब उन्होंने पहली बार इन प्राणियों के प्रति अपने प्यार को व्यक्त करने के लिए ब्रश उठाया। उन्होंने पर्यावरण संदेशों के साथ चित्रों की एक श्रृंखला बनाई है, जो अक्सर बाघ संरक्षण पर केंद्रित होती है। एक पेशेवर चित्रकार के रूप में अजय सिंह पीलवा ने वन्य जीवन को चित्रित करने के लिए विभिन्न शैलियों को अपनाया। इनमें सेमी अब्सट्रेक्ट, अमूर्त्त कला, यथार्थवाद, लघु कला, प्रिंट मेकिंग और लिनो आदि शामिल हैं। आर्टिस्ट अजय पीलवा की कला सही मायने में जुनून की अभिव्यक्ति के साथ ग्लोबल वार्मिंग के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक माध्यम है। यही कारण है कि दुनिया के मकबूल वन्यजीव चितेरे रॉबर्ट बेटमैन ने अजयसिंह की कला को सराहा। बाघ विशेष रूप से विलुप्त होने के कगार पर है और त्वरित कार्रवाई का तकाजा भी कर रहा है। अपने वन्यजीव चित्रों के लिए विश्व स्तर पर प्रशंसित अजय सिंह पीलवा ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में हिस्सा लिया है। सम्मानित अतिथियों के रूप में उनकी प्रदर्शनियों की शोभा बढ़ाने वाली कुछ प्रतिष्ठित हस्तियों में दिवंगत राजमाता गायत्री देवी और जयपुर की राजमाता पद्मिनी देवी समेत शिव सेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, पूर्व आईपीएल अध्यक्ष ललित मोदी, एचएच डॉ. करण सिंह (कश्मीर) और दिवंगत एचएच राजसिंह डूंगरपुर आदि शामिल हैं।

**स्वर माधुरी के मेगा फाइनल राउंड : छह श्रेणियों में चुनी गई 18 प्रतिभाएं**

# देश की 30 प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर सहित प्रदेश के अनेक शहरों में आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी ऑफ लाइन अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता 'स्वर माधुरी' का जयपुर में मेगाफाइनल राउंड आयोजित किया गया। महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित इस राउंड में पूर्व के विभिन्न चरणों में अपने हुनर का प्रदर्शन कर चुकी सैकड़ों प्रतिभाओं में से चयनित कुल 30 गायन प्रतिभाओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया।



ढाई घंटे चले संगीत के इस महामुकाबले में पांच बार की फिल्म फेयर अवार्ड विनर रहीं पार्श्व गायिका हेमलता ने प्रतिभाओं को सुना और उनके हुनर की सराहना की। फाइनल मुकाबले में छह विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के आधार पर कुल 18 प्रतिभाओं का चयन किया जिन्हें समारोह के अंत में नकद पुरस्कार से नवाज़ा गया। देश के पहले सबसे बड़े ऑफ लाइन टेलेंट हंट का आयोजन गायिका सीमा मिश्रा द्वारा स्थापित सीमा मिश्रा राजस्थान लोक संगीत- कला अकादमी और दिल्ली स्थित भारत के प्रमुख राष्ट्रव्यापी साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन सम्पर्क क्रांति परिवार के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

### मैंने भी एक मुट्ठी मिट्टी हूं राजस्थान की- हेमलता

इस मौके पर प्रतिभाओ की सराहना करते हुए हेमलता ने कहा "आज साल के आखिरी दिन आपके सामने हूं। मैं क्या कहूं मैंने तो सारी ज़िन्दगी दूसरों का लिखा और संगीतबद्ध किया गाया है। मैं भी आप में से एक ही हूँ, मुझे गर्व इस बात का है की मैं राजस्थान की बेटी हूं, मैं भी एक मुट्ठी मिट्टी हूं राजस्थान की "।

# गर्ग चाइल्ड हॉस्पिटल में 62 यूनिट हुआ रक्तदान




**जयपुर @ जागरूक जनता।** अजमेर रोड, भांकरोटा, स्थित गर्ग चाइल्ड हॉस्पिटल में साल 2023 के अंत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ रामपाल ब्लड सेंटर द्वारा कुल 62 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया गया। बच्चों के डॉक्टर सुनील कुमार गर्ग एवं डॉ. सचिन अग्रवाल ने भी रक्तदान कर सभी को संदेश दिया कि हमें स्वस्थ रहकर एक रक्तदाता के रूप में स्वयं भी आगे आकर रक्तदान करना चाहिए और रक्तदान-महादान की मुहिम को बढ़ना चाहिए।

### 22 जनवरी को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने की मांग

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सनातन संस्कृति रक्षक संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र पाराशर ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। सुभाष पाराशर ने एक विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि 500 वर्षों के बाद भारतीय जनमानस को यह 22 जनवरी का शुभ दिन प्राप्त हो रहा है। इस दिन अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म स्थान पर बन रहे भव्य मंदिर में श्रीराम लला विराजमान होंगे। सार्वजनिक छुट्टी हो जाने से आम आदमी इस उत्सव को देख सकेगा। यह दिन भारत ही नहीं, पूरे विश्व की सनातन संस्कृति की आस्था का प्रतीक है। इसलिए सनातन संस्कृति रक्षक संस्थान राज्य सरकार से आग्रह करता है कि 22 जनवरी को एक दिवसीय सार्वजनिक अवकाश घोषित करे।

### सावित्री बाई फुले व फातिमा शेख जयंती समारोह 3 को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सावित्री बाई फुले एवं फातिमा शेख जयंती समारोह 3 जनवरी को मनाया जाएगा। डॉ. अम्बेडकर विचार मंच (समिति) की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम ग्राम पंचायत सार्वजनिक चौक मुहाना बस स्टैण्डपर मनाया जाएगा। जिसमें महिला शिक्षिकाओं एवं जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः साढ़े 11 बजे शुरू होगा। समारोह आयोजन संयोजक महताराम काला ने बताया कि सीताराम बैरवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अंबेडकर विचार मंच की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमचन्द बैरवा उप मुख्यमंत्री राजस्थान, विशिष्ट अतिथि डॉ. कैलाश वर्मा विधायक बगरू होंगे।

### बाडमेर-दिल्ली-बाड़मेर एवं बाड़मेर-मथुरा-बाड़मेर रेल सेवाएं होगी एलएचबी रैक से संचालित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु बाडमेर-दिल्ली-बाडमेर एवं बाडमेर-मथुरा-बाडमेर रेलसेवाएं एलएचबी रैक से संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 20487/20488, बाडमेर-दिल्ली-बाडमेर एक्सप्रेस रेलसेवा बाडमेर से 8 जनवरी से और दिल्ली से 9 जनवरी से एलएचबी रैक से संचालित होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20489/20490, बाडमेर-मथुरा-बाडमेर एक्सप्रेस रेलसेवा बाडमेर से 9 जनवरी से और मथुरा से 10 जनवरी से एलएचबी रैक से संचालित होगी। परिवर्तन बाद सभी रेलसेवाओं में एलएचबी रैक के 1 फर्स्ट एसी, 1 सैकण्ड एसी, 4 थर्ड एसी, 5 द्वितीय शयनयान, 3 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार श्रेणी व 1 गार्ड डिब्बो सहित कुल 16 डिब्बें होगें।

### वलसाड-भिवानी-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा अब सप्ताह में 2 दिन होगी संचालित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** वलसाड-भिवानी-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा अब सप्ताह में 2 दिन संचालित की जायेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाडी संख्या 09007/09008, वलसाड-भिवानी-वलसाड द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में वलसाड से 1 जनवरी से 29 जनवरी तक (9 ट्रिप) एवं भिवानी से 2 जनवरी से 30 जनवरी तक (9 ट्रिप) विस्तार किया गया है। अब यह रेलसेवा वलसाड से प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार तथा भिवानी से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार संचालित की जायेगी।

### पांच देशों की 36 फिल्मों का चयन, 9 फिल्म राजस्थान से

**9 से 13 फरवरी तक आयोजित होगा जिफ**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** 16वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) की तीसरी सूची सोमवार को जारी हुई। जिसमें 15 देशों की 257 फिल्मों में से 5 देशों की 36 फिल्मों का चयन हुआ। यह फेस्टिवल 9 से 13 फरवरी तक जयपुर में आयोजित होगा। फेस्टिवल में अब तक 62 देशों से प्राप्त 2271 फिल्मों में से 37 देशों की 255 फिल्मों का चयन हो चुका है। जिफ के फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने बताया कि फिल्म लवर्स के लिए देश-दुनिया की बेहद खास फिल्में फरवरी में देखने को मिलेगी। फेस्टिवल में ऑडियंस को शार्ट फिक्शन फिल्में, एनीमेशन फिल्में, सॉन्गस, वेब सीरीज और मोबाइल फिल्में देखने को मिलेगी। इसमें कई फिल्में वर्तमान विश्व के ताजे घटनाक्रमों जैसे युद्ध, शांति, पर्यावरण, राजनीति, बच्चे आदि विषयों पर आधारित है। राजस्थान से 9 फिल्मों का चयन हुआ है।

### 'सड़क दुर्घटना कानून को लेकर विरोध में उतरेगी कांग्रेस'

**जयपुर @ जागरूक जनता।** केंद्र की भाजपा सरकार के सड़क दुर्घटना कानून में बदलाव के विरोध में कांग्रेस आंदोलन करेगी। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने एक बयान में कहा कि इस कानून में गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर के विरुद्ध 10 वर्ष की सजा और जुर्माने का जो प्रावधान किया है। भाजपा अहंकार में तानाशाही पूर्ण तरीके से इस कानून को लागू करना चाहती है। यह कानून किसी भी कीमत पर लागू नहीं किया जा सकता।

### राज्यपाल मिश्र को लोकायुक्त लोहरा ने सौंपी वार्षिक रिपोर्ट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल कलराज मिश्र से लोकायुक्त प्रताप कृष्ण लोहरा और राज्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने मुलाकात की। इस दौरान लोहरा ने 'लोकायुक्त वार्षिक रिपोर्ट 2023' सौंपी। इस रिपोर्ट को सरकार की ओर से विधानसभा में पेश किया जाएगा। लोहरा और गुप्ता ने राज्यपाल कलराज मिश्र को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं।

### यूटीबी पर कार्यरत 735 चिकित्सकों की सेवा अवधि में अभिवृद्धि

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर ।** प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं कोविड-19 के नए वैरियंट के केसेज पाये जाने के दृष्टिगत स्वास्थ्य सेवाओं की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक कदम उठाए हैं। इसी क्रम में विभाग ने आवश्यक अस्थाई आधार (यूटीबी) के माध्यम से कार्यरत 735 चिकित्सकों की सेवा में अभिवृद्धि की है। निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि 357 ऐसे चिकित्सा अधिकारी जिनकी सेवा अवधि 31 दिसम्बर 2023 को समाप्त हो रही थी, उनकी सेवा अवधि में 6 माह की अभिवृद्धि की गई है। इसी प्रकार 378 चिकित्सा अधिकारी जिनकी सेवा अवधि 31 मार्च 2024 को समाप्त हो रही है, उनकी सेवा अवधि में 3 माह की अभिवृद्धि की गई है। यह नियुक्ति 30 जून 2024 तक अथवा नियमित भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक में से जो भी पहले हो उस समय तक मान्य होगी।

### नववर्ष के पहले दिन लगी भक्तों की कतार : सैकड़ों जवानों ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था, जयकारों से गूंजा खाटू दरबार

# शीश के दानी के दर्शन कर की वर्ष की शुरूआत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नए साल के पहले दिन खाटूश्याम मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। रविवार रात से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंदिर परिसर की तरफ जाने वाली सभी 14 लाइनें सुबह से श्रद्धालुओं से अटी हुई हैं। श्रद्धालुओं को रींगस रोड डायवर्जन से लामिया तिराहा, 40 फीट नया रास्ता होते हुए 14 लाइनों के जरिए मंदिर में दर्शन करवाए जा रहे हैं। नए साल के मौके पर मंदिर को गुब्बारों से सजाया गया है। इसके साथ ही एक नए साल की झांकी भी लगाई गई है। बाबा खाटूश्याम का सतरंगी फूलों से श्रृंगार किया गया। नए साल के मौके पर यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इस पूरे सप्ताह यहां श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। मंदिर कमेटी के सुरक्षा गाड्र्स के अलावा सीकर पुलिस के सैकड़ों जवान सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं।





## मुख्यमंत्री शर्मा राधा स्वामी सत्संग व्यास प्रमुख से मिले

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राधा स्वामी सत्संग व्यास के प्रमुख बाबा गुरविंद्र सिंह से मिले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्होंने शॉल ओढ़ाकर बाबा जी का अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान आध्यात्म वा सामाजिक मूल्यों सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। जानकारी हो की जयपुर में आयोजित राधा स्वामी सत्संग कार्यक्रम में लखनऊ से जयपुर पंहुचे। बड़े होटल व्यवसाई श्याम कृष्णनानी बताते है की राधा स्वामी सत्संग में इस बार महिलाओ की भागीदारी बहुत जायदा दिख रही है।

कृष्णनानी जी बताते है की जयपुर के सेवादारो ने बहुत अच्छे इंतजाम कर रखे थे। जयपुर के हर रोड पर सेवादार सड़को पर सफेद कपड़ो में खड़े रहे जिससे सत्संग सुनने वालो को कोई असविधा नही हुई। सत्संग प्रोग्राम 2 दिन चला लगभग 2 लाख 25 हजार से जायदा शरदलुओं ने बाबा जी का सत्संग सुना और अपने गुरु के दर्शन किए बिलवा में हुए इस आयोजन में राजस्थान के अलावा उतर प्रदेश बिहार, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ से भी श्रद्धालु बिलवा में बाबा जी के सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए सत्संग कार्यक्रम में श्रद्धालुऑ के लिए बहुत बड़े स्तर से चाय नाश्ते और लंगर की व्यवस्था भी कर रखी थी सत्संग सुनने आई हुई प्रीति वा विन्नी बताती है की इतने बड़े विशाल अयोजन में अंदर बैठने की व्यवस्था शानदार थी खास बात तो यह रही की इतने बड़े विशाल पंडाल में सत्संग सुनने आई संगत बिलकुल शांत चित्त होकर एक टक होकर अपने (गुरु) का सत्संग सुन रही थी। जिसमे बताया गया की सबसे पहले अच्छा इंसान बनना बहुत जरूरी है बाबा जी हमेशा से ही कहते है की जो सेवादार संगत की सेवा सच्चे मन से करते है वो ही गुरु की खुशी हासिल कर पाते है।

## अक्षय पात्र फाउंडेशन ने धूमधाम से मनाया 19वां वार्षिकोत्सव



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अक्षय पात्र फाउंडेशन समय समय पर सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए कई विशेष आयोजन करता रहता है और हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी अक्षय पात्र फाउंडेशन का वार्षिकोत्सव बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा 25 से 27 दिसंबर को 19वां वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में अक्षय पात्र के स्टाफ मेंबर्स और उनके परिवार ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और शानदार प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ अक्षय पात्र कैंपस में दिनांक 25 दिसंबर से शुरू हुआ जिसमें 10 सरकारी स्कूलों के लगभग 200 बच्चे एवम 350 से अधिक स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जैसे की लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर, पग बाधा दौड़, बोरा रेस, गुब्बारा पीठ दौड़, गुब्बारा ग्लास दौड़, समान वजन दौड़, बांस दौड़, लंगड़ी टांग दौड़, क्रिकेट, बैडमिंटन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमे स्टाफ एवं स्कूल के बच्चो द्वारा जोर शोर से हिस्सा लिया गया।

राधा प्रिय दास एवं रघुपति दास ने जानकारी में बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगरू विधायक डॉक्टर कैलाश वर्मा थे जिन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया साथ ही उनका उत्साह वर्धन भी किया। उन्होंने कहा की हर संस्था को समय समय पर ऐसे आयोजन करने चाहिए जिस से उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देता है।

## कापरड़ा का विकास भी घना की तरह किया जाए: जस्टिस गोपाल



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास ने बिलाड़ा के कापरड़ा थाने का निरीक्षण किया। थाने की व्यवस्था और कार्यशैली पर संतोष जताया ओर थाना प्रभारी से अपराधों के संबंध में जानकारी ली। थाना किराए के मकान में चल रहा है इसलिए जानकारी प्राप्त करने पर बताया कि थाने के लिए भूमि का आवंटन हो चुका है शीघ्र भवन का निर्माण करवाया जाएगा।

कापरड़ा मे साइबेरिया से आने वाले पक्षियों को गांव के तालाब में देखने के बाद व्यास ने आशा जताई कि इस गांव का विकास भी घना पक्षी विहार की तरह किया जाना चाहिए जिससे पर्यटकों की आवाजाही हो ओर रोजगार के साधन बढ़े। यहां तालाब में हजारों मील दूर से हिमालय की पहाड़ियों को लांघकर आए साइबेरिया के पक्षियों की सुंदरता को देख कर निहारते रहे। शिक्षाविद शरद पुरोहित ने भी विदेशों से आए पक्षियों के बारे में बताया कि इस गांव ओर तालाब को यह पक्षी सुरक्षित स्थान समझते है इस लिए यहां आते हैं जिनकी सुंदरता देखते ही बनती है। इस मौके पर पशुपालन विभाग के उपनिदेशक संजय कृष्ण, सीमा सुरक्षा बल से सेवानिवृत कमांडर डॉ. राजेन्द्र कृष्ण सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक भी उपस्थित रहे।

## भारतीय संस्कृति से सराबोर हुआ मंच

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रविंद्र रंग मंच पर आयोजित किड्स क्लब स्कूल मानसरोवर के 20वें वार्षिकोत्सव में नन्हें बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृत झलक देखने को मिली। स्कूली बच्चों ने देश के दक्षिण से लेकर पूर्व की संस्कृत झलक को मंच पर साझा किया तो वहीं सामाजिक संदेश देने वाली प्रस्तुतियां भी दी गई। किड्स क्लब स्कूल के चैयरमैन टीसी पाठक ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उधर, डायरेक्टर मोनिषा पाठक, ऋषि गौरव और लवीना ने स्कूल की वार्षिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी। डीजीपी उमेश मिश्र ने स्टूडेंट को निर्भरता के साथ आगे बढ़ने का हौसला दिया। साथ ही कहा कि यदि स्टूडेंट लाइफ में बच्चे ईमानदारी से पढ़ाई करेंगे तो, उनका भविष्य भी सुनहरा होगा। कार्यक्रम की अतिथियों ने भी सराहना की।

## राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत घर-घर किया पीले चावल वितरित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री जगदम्बा मातेश्वरी मन्दिर समिति नया खेडा जगदम्बा कॉलोनी से पीले चावल वितरण करने राम भक्तों की टोली कॉलोनी की गलियों में रामधुनी करते हुए अयोध्या से आए हुए पीले चावल बाटने निकली। आशुतोष शर्मा ने बताया कि मन्दिर समिति से राम रथ तैयार करके प्रभात फेरी निकाली गयी। समिति अध्यक्ष भवर सिंह इन्द्र सिंह गनपत सिंह भागीरथ सिंह सुरेंद्र सिंह आदि काफी सँख्या में भक्तों ने कॉलोनी की गली गली में पीले चावल वितरित किये।

## रामाज् रिसोर्ट का उपमुख्यमंत्री बैरवा ने किया अवलोकन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** टोंक रोड स्थित रामाज् रिसोर्ट में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का राजस्थानी परम्परा से रिसोर्ट ऑनर मोहित टेलर द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया गया और रामाज् परिवार को और सभी स्टाफ को नववर्ष की अग्रिम बधाई और शुभकमाये दी। इस अवसर पर मुस्कान रेस्ट्रोरेंट के पोहा और सेंडविच् और कुल्हड़ चाय का उपमुख्यमंत्री ने स्वाद लिया और रिसोर्ट एंड फ़ूड की काफ़ी तारीफ़ की। डिप्टी सीएम ने बताया कि रिसोर्ट की लोकेशन और व्यवस्थाओं की तारीफ की।

### राजस्थान अपराधी व अपराध मुक्त हो : दंगा करने वालों को सिखाएंगे सबक

## किसी भी कीमत पर दंगा नहीं होने दूंगा :दिलावर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



### कोई विभाग खराब नहीं होता

विभाग बंटवारे को लेकर दिलावर ने कहा कि कोई भी विभाग खराब नहीं होता। काम करने वाले में इच्छाशक्ति होनी चाहिए। भैंरोसिंह शेखावत ने पहली बार मुझे समाज कल्याण विभाग दिया तो कुछ मेरे मित्रों ने चिढ़ाने की कोशिश की और कहा कि समाज कल्याण उसको दिया जाता है जिसको भैंरोसिंह जी को निपटाना होता है, लेकिन मैं आज भी विधायक व मंत्री के रूप में बैठा हूं।

कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अब राजस्थान में किसी भी कीमत पर दंगा नहीं होने देंगे। जो दंगा करेगा उसको सबक सिखाएंगे। कांग्रेस शासन में हुए दंगों के मामले की जांच के सवाल पर दिलावर ने कहा कि जो अपराधी अभी पकड़ में नहीं आए वो भी शिकंजे में आएंगे। आपने देखा होगा अभी भी कई अपराधी पकड़े जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद दिलावर पहली बार कोटा पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से बात की। दिलावर ने कहा कि कांग्रेस राज में अत्याचार और अनाचार बढ़े हैं। अब बीजेपी सरकार आई है, अभी से अपराधियों में अपरा तफरी मची हुई है। बड़ी संख्या में अपराधी गिरफ्तार हो रहे हैं। बीजेपी चाहती है कि राजस्थान अपराधी व अपराध मुक्त हो। इससे आम जनता ठीक तरीके से अपना जीवन निर्वहन कर सकें।

## युवराज टूरिस्ट के पास से निकला, एसटी-9 भी दिखी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नए साल की पहली सुबह टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट सरिस्का का युवराज जंगल में घूमते नजर आया। युवराज जिप्सियों के पास से धीरे-धीरे गुजरा और जंगल में चहलकदमी की। युवराज टाइगर एसटी-21 के अलावा एक टाइग्रेस एसटी-9 को भी देखा गया हैं।

साल के पहले दिन सरिस्का में काफी संख्या में टूरिस्ट सफारी करने आए। पहली पारी में टूरिस्ट ने टाइगर और टाइग्रेस को देखा। सफारी कर रहे टूरिस्ट ने दोनों को अपने-अपने कैमरे में कैद किया। सरिस्का का युवराज कहलाता टाइगर एसटी-21 सरिस्का का युवराज कहे जाने वाले टाइगर एसटी-21 को घानका जंगल में देखा गया।

यहां पर टूरिस्ट सफारी कर रहे थे। इस दौरान अचानक जिप्सी के आगे के 'युवराज' निकला। युवराज सफारी के ट्रैक को क्रॉस कर जिप्सियों के पास से निकला और जंगल में चहलकदमी की।

### 7 जनवरी को मनाया जाएगा नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह

## चौमूं प्रेस क्लब के चुनाव 26 को

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूं।** प्रेस क्लब संस्था चौमूं के आगामी 26 जनवरी को चुनाव आयोजित किए जाएंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। यह बात नगर पालिका सभागार में आयोजित प्रेस क्लब की साधारण सभा बैठक में प्रेस क्लब संस्था चौमूं के अध्यक्ष जितेन्द्र रांगेय ने कहीं। रांगेय ने बताया कि आगामी चुनाव के मध्यनजर अब आचार संहिता प्रभावी हो गई है। चुनाव को लेकर सर्व सम्मति से एक वरिष्ठ पत्रकार को चुनाव प्रभारी बनाया जाएगा, जिसके दिशा–निर्देश पर चुनाव आयोजित होंगे। प्रेस क्लब के महामंत्री बी.एल भंडारी ने कहा कि चुनाव को लेकर तैयारियां के तहत दिशा–निर्देश जल्द जारी किए जाएंगे। चुनाव को लेकर पूरी रूपरेखा कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा। बैठक में नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह आयोजित करने को लेकर भी चर्चा की गई। प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर भारती ने नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह आगामी 7 जनवरी को आयोजित करने का सुझाव दिया, जिसे सर्व सम्मति से स्वीकार कर लिया गया। समारोह को लेकर कमेटी का गठन किया गया। कमेटी का अध्यक्ष क्लब सदस्य विष्णु कुमावत को बनाया गया। इस दौरान कमेटी में सदस्य विकास शर्मा व विनोद शर्मा को सहयोगी के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई। साधारण सभा की बैठक में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष के.एल कुमावत ने कहा कि स्नेह मिलन समारोह में केवल प्रेस क्लब के सदस्यों को ही आमंत्रित किया जाएगा। इसमें क्लब के सदस्य सपरिवार शिरकत करेंगे। क्लब सदस्य निखिल तिवाड़ी, राजेन्द्र भातरा व राहुल सैनी ने बताया कि समारोह में विविध प्रतियोगिता होगी, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।



### सेवा पखवाड़ा के तहत विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत की

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने झोटवाड़ा फ्लाईओवर का किया निरीक्षण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज निर्माणाधीन झोटवाड़ा फ्लाईओवर का निरीक्षण कर मौके पर ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी, मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी, दुकानदार सहित स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने उप मुख्यमंत्री के समक्ष अपने-अपने सुझाव और समस्याएं रखीं। दिया कुमारी ने मौके पर ही अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह सुविधा आमजन के लिए है, इसलिए इसमें जनता की राय और सुझाव बहुत महत्वपूर्ण है। कोई भी नया निर्माणकार्य दीर्घकालिक दृष्टि के साथ होना चाहिए, जिससे कि आने वाले 25 वर्षों तक बिना किसी परेशानी के जनता इसका उपयोग कर सके। इसके निर्माण में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। दिया कुमारी ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने इस प्रोजेक्ट पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया, बल्कि इसका जल्दबाजी में उद्घाटन कर दिया। कांग्रेस सरकार के 5 वर्षों के दौरान भी यह फ्लाई ओवर बनकर तैयार नहीं हुआ। अब भी इस प्रोजेक्ट में इतनी खामियां हैं।



## विद्याधर नगर विस क्षेत्र से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की

**पूर्व** प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर मनाए जा रहे सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान की आज उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा से शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने खातीपुरा मण्डल के संघ शक्ति कार्यालय में क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंह जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भवानी निकेतन मण्डल के इंद्र कुष्ठ आश्रम में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा और मुरलीपुरा मण्डल के अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही, उन्होंने विद्याधर नगर एवं नांगल मण्डल के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भी शिरकत की। दिया कुमारी ने विद्याधर नगर स्टेडियम में पूर्व उपराष्ट्रपति स्वर्गीय भैरु सिंह जी शेखावत के समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और स्वच्छता अभियान के लिए जन-जन को जागरूक किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा स्वच्छ भारत की जो नींव रखी गई, उस मुहीम को राजस्थान की जनता तक पहुंचाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।



## किरोड़ी लाल मीणा की उपराष्ट्रपति से भेंट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मंगलवार को नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। मीणा की उपराष्ट्रपति से यह शिष्टाचार भेंट थी।

# श्री श्री कृष्ण बलराम करेंगे गुलाबी नगरी का भ्रमण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नव वर्ष की शुरुआत हर कोई भगवान् के आशीर्वाद से करना चाहता है लेकिन हर कोई मंदिर नहीं आ पाता तो अपने भक्तों के लिए श्री श्री कृष्ण बलराम हर साल नगर भ्रमण पर निकलते हैं और जनमानस को आशीर्वाद देते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण बलराम की शोभा यात्रा गुलाबी नगरी को सुशोभित करेगी। भक्त अपने घरों से ही उनके दर्शन करेंगे और उनका आशीर्वाद लेंगे। हर वर्ष अंग्रेजी नव वर्ष की शुरुआत में हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर की तरफ से श्री श्री कृष्ण बलराम की शोभायात्रा निकाली जाती है और इस वर्ष भी भगवान् की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी।

श्री श्री कृष्ण बलराम के विग्रह मंदिर से प्रस्थान करके ब्रज निधि मंदिर पहुंचेंगे जहाँ से शोभायात्रा 5 बजे प्रारम्भ होगी।, फिर वह से त्रिपोलिया गेट , छोटी चौपड़,



किशनपोल बाजार, नेहरू बाजार, बापू बाज़ार, जोहरी बाजार, बड़ी चौपड़ से त्रिपोलिया बाज़ार, त्रिपोलिया गेट होते हुए शाम को 7: 45 बजे वापस ब्रज निधि मंदिर पहुंचेगी। उसके पश्चात ठाकुर जी की महा आरती होगी, उन्हें विशेष भोग लगाया जाएगा। इसके बाद भगवान् के विग्रह फिर मंदिर की तरफ प्रस्थान करेंगे।

मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास ने शोभायात्रा के आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया की जो भी इस यात्रा में भगवान के दर्शन करता है उसे जीवन में महान आध्यात्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार जो मनुष्य शोभा यात्रा मे श्री कृष्ण बलराम के दर्शन करता है और उनका रथ खींचता है तो वो जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता। उन्होंने आगे बताया की शोभायात्रा के दौरान ट्रैफिक सुचारु रूप से चले इसके लिए प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी होंगी।उन्होंने जयपुर की जनता से शोभा यात्रा में ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में पधारकर श्री श्री कृष्ण बलराम का आशीर्वाद लेने का आग्रह किया।

## हिंदी में करने होंगे हस्ताक्षर, अंग्रेजी में नहीं होंगे मान्य

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बाड़मेर।** समस्त चिकित्सा कार्मिकों व अधिकारियों को किसी राजकीय कागज-पत्र और उपस्थिति पंजिका में नियमित रूप से हिंदी में ही हस्ताक्षर करने होंगे। यह नियम एक जनवरी से लागू कर दिया गया है। हिंदी में अलावा किसी भी भाषा में हस्ताक्षर करने पर वह मान्य नहीं होगा। हिंदी को बढ़ावा देने के लिए सरकारी कार्मिकों के लिए प्रत्येक सरकारी कागजात पर हस्ताक्षर देवनागरी में हिंदी भाषा में करने होंगे। प्रतिदिन की उपस्थिति के साथ अन्य प्रमाण-पत्र सहित कोई भी सरकारी कागजात पर हस्ताक्षर हिंदी में होने पर ही उन्हें प्रमाणित माना जाएगा।

### यह है आदेश

**बाड़मेर** सीएमएचओ डॉ. सीएस गजराज की ओर से जारी आदेश में जिला स्वास्थ्य भवन व अधिनस्थ चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को जनवरी 2024 से उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर हिंदी में करना सुनिश्चित करने का कहा गया है। अन्य किसी भी भाषा में हस्ताक्षर राजकीय कागजात पर मान्य नहीं किए जाएंगे। जारी निर्देश शासन सचिव शिक्षा व भाषा विभाग राजस्थान सरकार की ओर से 1966 में हिंदीकरण नीति के तहत जारी आदेश के अनुसरण में दिए है।

### पहले राउंड का 20 जनवरी को और दूसरे राउंड का चयन 27 जनवरी को

# चौबीसवें राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह 'सुर संगम' के ऑनलाइन ऑडिशन शुरू

### दस जजों का पैनल करेगा प्रतिभाओं का चयन

### अव्वल रहने वाली प्रतिभा को मिलेगा 1.00 लाख रूपए का नकद इनाम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सुर संगम संस्थान के 34वें तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह 'सुर संगम' के ऑन लाइन ऑडिशन शुरू कर दिए गए हैं। अब तक सौ से भी अधिक प्रतिभाओं ने सुर संगम संस्थान की वेबसाइट पर जाकर अपने तीन-तीन मिनट के ऑडियो अपलोड किए हैं। सुर संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष के.सी. मालू ने बताया कि ऑनलाइन ऑडिशन के प्रति युवा कलाकारों का रुझान अच्छा है। इसके लिए 10 जनवरी तक ऑडिशन जारी रहेंगे। ऑनलाइन आने वाले वीडियो में से श्रेष्ठ का चयन 10 जजों के पैनल द्वारा किया जा रहा है। हर जज 10-10 श्रेष्ठ वीडियो चयनित कर रहा है। पहले राउंड का चयन 20 जनवरी को होगा और उसके बाद दूसरे राउंड का चयन 27 जनवरी को होगा। दूसरे राउंड में चयनित 40 प्रतिभाओं को 20 से 22 फरवरी तक जयपुर में होने वाली अंतिम चरण के महामुकाबले में प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

### इन विधाओं में हो रही हैं प्रतियोगिताएं

सुर संगम के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि ये प्रतियोगिता 16 से 25 वर्ष तक की प्रतिभाओं के लिए आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिताएं शास्त्रीय, उप शास्त्रीय, सुगम संगीत में भजन, गीत, फिल्मी गीत तथा लोग गायन विधाओं में हैं। फिल्मी गीत भारतीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित ही शामिल किए जा रहे हैं।

### प्रतियोगियों को मिलेंगे लाखों रूपए के इनाम

सिरमौर मुकाबलों के बाद चयनित प्रतिभाओं को लाखों रूपए के नकद इनाम दिए जाएंगे। पहले स्थान पर रहने वाले को 1.00 लाख रूपए का नकद पुरस्कार, दूसरे स्थान पर रहने वाले चार प्रतिभागियों को 25-25 हजार रूपए के तारा निर्मल सेठिया अवार्ड तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले पांच प्रतियोगियों को 10-10 हजार रूपए के माणक बाफना स्मृति नकद इनाम दिए जाएंगे।

### श्रीपिंजरापोल गौशाला में गौमाता की महाआरती के बाद पिलाया हजारों लोगों को गर्म दूध

# राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाया जाएगा-बेढ़म

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नववर्ष के प्रथम दिवस पर सोमवार शाम को श्रीपिंजरापोल गौशाला में गौमाता की महाआरती के बाद हजारों की संख्या में आमजन को गाय का गर्म इलाइची ,केसर युक्त मीठा दूध पिलाया गया। श्रीपिंजरापोल गोशाला समिति, हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसायटी व सनराइज ग्रुप ऑफ कंपनीज की ओर यह आयोजन किया गया। इस दूध वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम,हनुमान चालीसा प्रबंधक समिति महाराज अमरनाथ एवं मुकेश शर्मा जी ने किया। हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता एवं सचिव मोनिका गुप्ता ने बताया कि राजस्थान राज्य की भूमि को केमिकल मुक्त भूमि और राजस्थान को निरोगी करने के संकल्प का अभियान गऊ माता के आशीष के साथ शुरू किया गया। कार्यक्रम में गौमाता की महाआरती के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

इस मौके पर जवाहर सिंह बेढम ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजकल लोग पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित होकर शराब पीकर जश्न मनाते हैं वह गलत है। उन्होंने कहा कि शराब की जगह दूध पिलाकर नववर्ष का जश्न मनाने की जो परंपरा गौशाला समिति व हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी ने शुरू की है, उसके लिए आयोजक साधुवाद के पात्र हैं। राज्यमंत्री जवाहर सिंह ने भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ की ओर से राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाने की मुहीम का समर्थन करते हुए उपस्थित लोगों को हाथ खड़े करके जैविक प्रदेश बनाने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने कहा कि हमें गौमाता के दूध के साथ-साथ अन्य गौ उत्पादों की उपयोगिता बढाकर जैविक खेती को बढावा देने का आह्वान किया। बेढम ने ओएफपीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता के गाय के दूध वितरण व जैविक खेती के संकल्प की सराहना की। मीडिया से बातचीत करते हुए बेढम ने कहा कि राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाने के लिए केबिनेट में प्रस्ताव रखा जाएगा। कांग्रेस अपराधियों से सांठगांठ करके चला रही थी शासन। उन्होंने कहा कि मुख्मंत्री भजनलाल शर्मा भी चाहते हैं कि जिन लोगों ने भी प्रदेश में माहौल खराब किया उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



इस मौके पर सनराइज ग्रुप ऑफ कंपनीज एवं हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता, भारतीय जैविक महिला किसान उत्पादक संघ की महिला इकाई अध्यक्ष संगीता गौड़, नागेंद्र शर्मा विज्ञान भारती,मुकेश शर्मा सीएम मीडिया प्रभारी ,डीसीपी पूर्व ज्ञानचंद, एडीसीपी राजेंद्र गुप्ता, एसीपी सांगानेर विनोद शर्मा, गौशाला समिति के अध्यक्ष नारायणलाल अग्रवाल, महामंत्री शिवरतन चितलांगिया, प्रचार एवं संगठन मंत्री राजू अग्रवाल (मंगोड़ीवाला), मंत्री विवेक लढ़्ढा, सदस्य राधेश्याम विजयवर्गीय, चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी ने राहगीरों को दूध पिलाया।

### तीन दिवसीय चेतना उत्थान साधना शिविर का समापन

# साधना को आंदोलन बनाने की जरुरत-अग्रवाल



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में तीन दिवसीय चेतना उत्थान साधना शिविर का समापन हुआ। नववर्ष में साधकों को साधना की नई ऊर्जा से परिपूर्ण करने केलिए आयोजित शिविर में 24 साधकों ने भाग लिया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि गायत्री परिवार की धुरी साधना ही है। शक्तियों के सही उपयोग के लिए साधना को आंदोलन बनाने की आवश्यक्ता है।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा, सह व्यवस्थापक मणिशंकर चौधरी, गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश भाटी, डॉ. प्रशांत भारद्वाज ने भी संबोधित किया। नए साधकों ने साधना की जीवन को अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। प्रारंभ में वेदमाता गायत्री और गुरू सत्ता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तीन दिवसीय शिविर में व्यक्ति की आंतरिक चेतना का स्तर ऊपर उठाने के लिए साधकों ने गायत्री महामंत्र का जप किया। आंतरिक शक्ति के जागरण के लिए ध्यान और शरीर की सुरक्षा के लिए योग-प्राणायाम का अभ्यास किया। हवन और स्वाध्याय भी नियमित रूप से किया गया। साथ ही शिविर में उत्कृष्टता, मानवीय चेतना के उत्थान, संवेदना की पूर्णता के लिए अनेक आध्यात्मिक गतिविविधियां भी करवाई गई।

### लदाना व बिचुन में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का निरीक्षण

# मिशन रूप में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा-बैरवा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दूदू जिले की पंचायत समिति फागी की ग्राम पंचायत लदाना व पंचायत समिति मौजमाबाद की ग्राम पंचायत बिचुन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का मंगलवार को उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने शिविर में विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करते हुए लाभार्थियों से संवाद किया।साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस कनैक्शन व प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरीत करते हुए अन्य स्टालों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत की संकल्प दिलाई। साथ ही उत्कृष्ठ कार्य करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ती पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय लदाना में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने आश्वासन दिया की मिशन रूप में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए गांव व ढाणी के अंतिम व्यक्ति तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा की जो व्यक्ति पिछड़ गया है उसे समाज की मुख्य धारा से जोड़ना हम सबका कर्तव्य है।



विधानसभा चुनावों में भारी मतों से विजयी बनाने तथा समर्थन के लिए उन्होंने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को जिले की देवतुल्य जनता की सेवा करने के लिए कहा तथा आमजन को समय पर सभी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कहीं। लदाना शिविर के बाद उप मुख्यमंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा ने खेड़ापति बालाजी माधोराजपुरा में पाटोत्सव कार्यक्रम व मेंदवास में सत्तर गांवों की रामधुनी कार्यक्रम में भाग लिया।

ग्राम पंचायत बिचुन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा की यात्रा के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जिससे कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल पाए।

ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए भेजे हैं। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जिसके माध्यम से संबंधित विभाग में चल रही योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई तथा योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।



# आराध्य दर्शन से की नववर्ष की शुरूआत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नए साल की शुरुआत मघा नक्षत्र व कन्या लग्न में हुई है। इसके साथ ही प्रीति व आयुष्मान योग के साथ कुमार योग भी नए साल साल को विशेष बना रहा है। इस पावन संयोग में जयपुरवासियों ने सोमवार को नववर्ष के पहले दिन की शुरुआत देव दर्शन के साथ की। साल के पहले दिन आराध्य देव गोविंद देव जी, प्रथम पूज्य मोती डूंगरी मंदिर, ताड़केश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य कई मंदिरों में अलसुबह से ही भगवान के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। गोविंद देव जी मंदिर में मंगला झांकी से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर राधे- राधे व गोविंद देवजी के जयकारों से गूंज उठा। दूर-दराज से भी लोग आराध्य देव के दर्शन करने के लिए गोविंद देवजी मंदिर पहुंचे। जहां पर भक्तों ने नए साल पर परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की ।

### मोती डूंगरी गणेश मंदिर में दूर तक कतार

नए साल के पहले दिन मोती डू ंगरी गणेश जी मंदिर में अल सुबह से भक्त प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज के दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचे और देखते ही देखते मंदिर प्रांगण में भीड़ जमा हो गई। मंदिर सुबह से ही गजानंद महाराज के जयकारो से गूंज उठा और मंदिर में भक्तों की कतार लग गई। यह कतार पूरे दिन से लेकर रात्रि 9 बजे तक बनी रही। नव वर्ष के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ का अंदाजा मंदिर प्रशासन को पहले से ही था। इसलिए मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही कर दी गई थी। मंदिर के बाहर भक्तों को दर्शन करने में कोई असुवि धा ना हो इसके लिए अलग-अलग कतारों में भक्तों को मंदिर प्रांगण में प्रवेश कराया गया।

नववर्ष के प्रथम दिन मंदिर में भक्तों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की थी। मंदिर प्रांगण से पह प्रां ले ही बैरिकेड लगाकर मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को मंदिर से दूर ही रोक दिया गया और पार्किंग की व्यवस्था करते हुए एक कतार में वाहनों को खड़ा करवाया। शहर के अनेक मंदिरों में सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा पाठ के भी आयोजन हुए। लोगों ने नए वर्ष के स्वागत में मंदिरों में संकीर्तन किया।

# दुकानों के बाहर डस्टबिन अनिवार्य

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** परकोटे के बाजारों में दुकानों के बाहर फिर से डस्टबिन नजर आएंगे। इसके लिए परकोटे के प्रमुख बाजारों में दुकानों के बाहर डस्टबिन रखे जाएंगे। इसे लेकर हैरिटेज नगर निगम और जयपुर व्यापार महासंघ ने आज सुबह चांदपोल हनुमानजी मंदिर से संयुक्त रूप से अभियान शुरू किया। इस दौरान व्यापारियों व दुकानदारों को दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने और सड़क पर कचरा गंदगी नहीं फैलाने को लेकर जागरूक किया गया। निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल ने चांदपोल बाजार से अभियान की शुरुआत की। बाजार में घूमकर दुकानदारों से कचरा सड़क पर नहीं डालने और डस्टबिन रखने को लेकर जागरूक किया गया। अब शहर के चांदपोल बाजार के साथ त्रिपोलिया बाजार, जौहरी बाजार, किशनपोल बाजार, चौड़ा रास्ता सहित परकोटे के सभी बाजारों में 22 जनवरी तक दुकानों पर डस्टबिन रखे जाएंगे। इसके बाद हर दुकान पर डस्टबिन अनिवार्य किया जाएगा। बाजारों में टूटे हुए डस्टबिन बदले जाएंगे।

### दुकानदारों से की गई समझाइश

**हैरिटेज** नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि शहर के बाजारों में 22 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलेगा। आज चांदपोल बाजार से अभियान शुरू किया गया है। दुकानदारों से समझाइश की गई है। सभी बाजारों में दुकानों के बाहर दुकानदार डस्टबीन रखेंगे। जहां डस्टबीन टूटे हुए है, उन्हें बदलेंगे।

### अब व्यापारी करेंगे समझाइश

**जयपुर** व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि 22 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर के सभी बाजारों में साफ–सफाई के साथ दुकानों के बाहर डस्टबिन रखे जाएंगे। इसके साथ ही गंदगी फैलाने वालों को टोका जाएगा। दुकानदारों से डस्टबिन में ही कचरा डालने का आग्रह किया जाएगा। इसे लेकर सभी दुकानदारों से समझाइश की जाएगी।

# गले में तलवार डालने से लेकर इंसान को हवा में उड़ाना... जादू को देख जनता के उड़े होश

### जादुई शो से दे रहे है सामाजिक संदेश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** पीपाड़ शहर नयापुरा रोड़ स्थित रेखा मैरिज गार्डन में आयोजित जादूगर त्रिकाल के लम्बे समय बाद शहर में आने से लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. दोपहर 1 बजे से 3 तक शाम 6 बजे से बजे से 9 बजे तक चलने वाले इस शो में जनता की भीड़ उमड़ रही है। इसमें तीन केटेगरी के टिकट है 100, 150, 200 और स्कूल और कोचिंग के छात्र-छात्राओं लिए विशेष छूट है ग्रुप में आने पर। इस शो में यह तमाम जादू जिसको देख लोग हक्का-बक्का रह जा रहे हैं. वह इस प्रकार से है जैसे - यम फील्ड, नॉन स्टॉप, दिल्ली का मीना बाजार, मैजिक बुक, जिगजैग, नोटों की बारिश, लड़की को हवा में उड़ना, एक लड़की के गले में तलवारलगा देना, मदर ऑफ इंडिया, स्टिक, पॉजिटिव, मुंह से अनेकों ब्लेड निकलना और आदमी से दूध निकालना जैसे तमाम जादू लोगों को खासा पसंद आ रहा है. जादूगर त्रिकाल ने आगे कहा कि मैं भारत और प्रदेश के अनेकों जगहों पर अपना जादू दिखा चुका हूं इस बार पीपाड़ शहर में भी लोगों के साथ स्वंय भी काफी उत्साहित हु शो को लेकर व्यवस्थापक पिंटू भाई ने बताया की कुछ जादु खतरनाक है जिसको दिखाने के बाद जनता से अपील किया जाता है कि इसको वह कभी न करें इससे जान भी जा सकती है।

विश्व के महान जादूगर त्रिकाल (बी एल) ने कहा कि जादू एक विज्ञान है. एक लड़की को हवा में उड़ा देना अपना कला और अपना तरीका है. इस कला को हम लोग जनता को दिखाते हैं और जनता मनोरंजन करती है. और हम जादु के साथ सामाजिक सरोकार के भी संदेश कार्यक्रम के माध्यम से दे रहे है जिसमें जल ही जीवन है, बेटी बचाओ, पेड़ लगावो, अंधविश्वास सहित कई विषय शो में शामिल है। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष समुदेवी सांखला, पार्षद नरसिंह राम टाक, नरेंद्र कुमार सांघी, समाजसेवी पुर्व पार्षद मौहम्मद हुसैन डायर, मैरिज गार्डन के डायरेक्टर जगदीश कच्छावाह सहित कलाकार और समाजसेवी मौजूद रहे।

# डोटासरा पर शेखावत का पलटवार, बोले - बहुत लोग जाएंगे जेल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर के करणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को मतदान होगा। करणपुर चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मंगलवार को श्रीगंगानगर के दौरे पर थे। इस अवसर पर शेखावत ने पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा पर जोरदार निशाना साधा। गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा वे पर्चे और पर्चियों की बात नहीं करते, पर जल्द ही कांग्रेस सरकार में पर्चियों पर हुए घोटालों का हिसाब-किताब होने जा रहा है। कांग्रेस राज में हुए घोटाले में शामिल लोग जेल जाने के लिए भी तैयार रहें। भाजपा पर निशाना साधते हुए PCC चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा, भाजपा, पर्ची की सरकार है।

### भारत निर्वाचन आयोग करेगा फैसला

सुरेंद्र पाल को मंत्री बनाने पर गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को संवैधानिक व्यवस्था के तहत ही मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। यदि यह आचार संहिता का उल्लंघन है तो इसका फैसला कांग्रेस नहीं भारत निर्वाचन आयोग करेगा।

### करणपुर विस चुनाव भाजपा जीतेगी

गजेंद्र सिंह शेखावत ने आगे कहा भाजपा करणपुर विधानसभा चुनाव जीत रही है। भाजपा के बड़े नेताओं के ताबड़तोड़ दौरों पर सफाई देते हुए गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा भारतीय जनता पार्टी की यह परंपरा सदैव से रही है कि वह हर चुनाव को गंभीरता से लेते हैं। इसलिए सभी नेता इस विधानसभा में चुनाव प्रचार प्रसार के लिए आ रहे हैं।

# हॉकी जालोर की वार्षिक साधारण सभा के आयोजन एवं चुनाव 28 को

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जालोर।** डिस्ट्रिक्ट ओलिंपिक एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल लाल सिंह सांखला ने बताया की हॉकी जालोर की एनुअल जनरल कौंसिल मीटिंग और इलेक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत पेट्रोन प्रेजिडेंट सीनियर वाईस प्रेजिडेंट सेक्रेटरी ट्रेजरर के एक एक पदों वाईस प्रेजिडेंट जॉइंट सेक्रेटरी के पांच पांच पदों तथा एग्जीक्यूटिव मेंबर्स के छः पदों की पूर्ती के लिए हॉकी क्लबों के पदाधिकारियों की संशोधित सूची जारी करवाने इलेक्शन ऑफिसर एवं ऑब्ज़र्वर नियुक्ति हेतु नोटिस जारी करवाने हेतु मंगलवार को ए जी एम ओर ई जी एम आहूत की गई तथा सहमति के आधार पर 28 जनवरी को हॉकी जालोर की वार्षिक साधारण सभा तथा चुनाव कार्यक्रम भीनमाल में आयोजित करवाने का प्रस्ताव पारित करवाया गया। पूर्व में महिला हॉकी के दो बार राष्ट्रिय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हॉकी जालोर के तत्वाधान में जालोर मुख्यालय पर आयोजित करवाए गए थे वर्ष 2024 के सीनियर मैन / वुमन की राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता जालोर जिले में करवाने की मेजबानी के प्रस्ताव 28 जनवरी 2024 को नयी गठित कार्यकारिणी की मीटिंग में प्रस्ताव पारित करवाए जाएंगे।






### महाप्रबंधक की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक

# सुरक्षित एवं सुरक्षित रेल संचालन के लिए सभी स्तरों पर सुचारू मॉनिटरिंग जरूरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में उत्तर पश्चिम रेलवे की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक वीडियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से जुडे हुये थे। बैठक में अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचालन के लिए सभी स्तरों पर सुचारू मॉनिटरिंग पर बल दिया।

बैठक में सर्वप्रथम महाप्रबंधक अमिताभ ने सर्दी के मौसम में कोहरे के दौरान सभी मण्डलों पर सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचालन हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए। सभी क्रू लॉबी में पर्याप्त मात्रा में फॉग सेफ्टी डिवाइस की उपलब्धता एवं रेवाडी-पालनपुर के मध्य औसत गति के 130 kmph होने से रेल लाइन के दोनों और बाउंड्री वॉल फेंसिंग के कार्य को युद्ध स्तर पर करने पर दिशा निर्देश प्रदान किए।

महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में हमें और सतर्क और सजग रहकर अपना योगदान देना है। वर्तमान सर्दियों के समय में सुरक्षित रेल संचालन के लिए संरक्षा के लिये सभी स्तर के निरीक्षणों पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुरक्षित रेल संचालन में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हादसों को रोकने के लिए विशेष ध्यान तथा सर्दी के मौसम में रेल फैक्चर की घटनाओं को देखते हुए सघन पेट्रोलिंग एवं ट्रैक मेटेनरों की मॉनिटरिंग तथा ट्रेनिग पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश प्रदान किए।

बैठक में महाप्रबंधक अमिताभ ने उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मण्डलों पर चल रही परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने के साथ ही रोड ओवर ब्रिज, रोड अण्डर ब्रिज तथा समपार फाटकों को बंद करने के कार्यों को प्राथमिकता के साथ निष्पादन हेतु दिशा निर्देश भी प्रदान किए। रेल यात्रियों के लिए यात्री सुविधाओं की बढ़ोतरी के साथ ही खानङ्कपान की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने एवं पर्यटक सीजन में भीड़ को देखते हुए बिना टिकट यात्रा को हतोत्साहित करने के लिए टिकट चेकिंग अभियान बढ़ाकर टिकट चेकिंग आय बढ़ाने के निर्देश भी दिए। साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे पर राजस्व बढाने के लिये माल लदान बढ़ाने के लिए सकारात्मक प्रयास करने के निर्देश भी दिए।

# सौगातें लेकर आएगा नया साल: ट्रैफिक सिंग्नल फ्री होगा बीटू बायपास, प्लेन से उतरते ही नजर आएगा तोरण द्वार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नए साल 2024 में शहर को कई सौगातें मिलेगी। बी–2 बायपास चौराहा ट्रैफिक सिंग्नल फ्री हो जाएगा। वहीं झोटवाड़ा एलीवेटेड रोड जनता को समर्पित होगा। जवाहर सर्किल पर पदयात्रियों और साईकिल सवार के लिए सब–वे की सौगात मिलेगी, वहीं एयरपोर्ट रोड के सामने मॉन्यूमेन्ट शहर की सुंदरता को निखारेगा। इसे तोरणद्वार का रूप दिया जा रहा है। जेडीए अफसरों की मानें तो झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड मार्च तक काम मार्च तक पूरा हो जाएगा। इससे एक लाख लोगों को फायदा मिलेगा। इस एलिवेटेड रोड का 500 मीटर में काम बचा है, जो फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। अंबाबाड़ी से झोटवाड़ा पंचायत समिति तक इस एलिवेटेड रोड 2280 मीटर लंबाई है। 1540 मीटर निवारू टी प्वांइट से अंबाबाड़ी तक का लोकार्पण हो चुका है। अब 500 मीटर का काम बचा है, जो मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट पर कुल 166 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है।

### 8 माह में सिग्नल फ्री हो जाएगा बी–2 बायपास

नए साल में बी–2 बायपास चौराहा सिग्नल फ्री हो जाएगा। इसका ईपी से टोंक रोड तक एक तरफ के अंडरपास का काम पूरा हो चुका है। मानसरोवर से टोंक रोड की तरफ का भी काम करीब–करीब पूरा हो चुका है। अब सांगानेर और आश्रम मार्ग के सामने क्लोवर लीफ का काम चल रहा है। जेडीए अफसरों की मानें तो बचा हुआ काम अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। इससे टोंक रोड से गुजरने वाले लाखों लोगों को फायदा मिलेगा।

### लोगों को लुभाएगा जवाहर सर्किल

**एयरपोर्ट** से जयपुर में प्रवेश करने वाले लोगों को जवाहर सर्किल का सौन्दर्यन जल्द ही लुभाएगा। जवाहर सर्किल सौन्दर्यन का काम फरवरी तक पूरा होने की उम्मीद हैं। जवाहर सर्किल पर 2 सब वे बन चुके है। एक सब वे कैंसिंल हो चुका है। ब्यूटीफिकेशन का काम बाकी है। ट्रेक का काम चल रहा है। 25 फीसदी बचा हुआ ट्रेक का काम भी इसी माह पूरा होने की उम्मीद है। मॉन्यूमेंट का काम भी 10 फीसदी ही बचा है। एयरपोर्ट रोड के सामने मॉन्यूमेन्ट बनकर तैयार है, इसके ब्यूटीफिकेशन का काम के साथ इलेक्ट्रीक का काम बचा हुआ है, जो फरवरी तक पूरा होने की उम्मीद है।

सम्मान समारोह व प्रसादी का कार्यक्रम

## जनता के विश्वास पर हमेशा खरा उतरूगां-आक्या



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** गत दिनो संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के विजयी होने पर ग्राम घटियावली के गाडरी मोहल्ला स्थित कालाजी बावजी स्थान पर सम्मान समारोह व प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आदित्यवीर सिंह ने बताया कि कालाजी बावजी स्थान के भोपा रतनलाल व टीम के सदस्यो द्वारा विधानसभा चुनाव में विधायक आक्या की जीत हेतु मन्नत मांगी गई थी। मुराद पूरी होने पर मंगलवार को विधायक आक्या का सम्मान किया गया। विधायक आक्या ने कालाजी बावजी को दण्डवत प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त कर जीत को समस्त विधानसभा वासियो की जीत बताया। उन्होने कहां कि क्षैत्र की जनता ने उन्हे स्नेह देते हुए उन पर जो विश्वास जताया है वह उस विश्वास को हमेंशा कायम रखेंगें। कार्यक्रम के दौरान क्षैत्रवासियो द्वारा पेयजल की समस्या बताये जाने पर विधायक आक्या ने मौके पर ही सहायक अभियंता को फोन कर पेयजल समस्या समाधान करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर भंवरसिंह खरड़ी बावड़ी, ज्ञानेश्वर पुरी, बगदीराम गाडरी, शिवदास वैष्णव, राजकुमार वैष्णव, भोपा मांगीलाल सेन, गोपीचंद गाडरी, भेरूलाल कुमावत, उंकार गाडरी, रामेश्वर गाडरी, राजकुमार गाडरी, दुर्गासिंह, पुष्कर शर्मा, विनोद शर्मा सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

## चित्तौड़ी आठम महोत्सव समिति द्वारा 5 दिवसीय रामोत्सव कार्यक्रम होंगे

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़ी आठम महोत्सव समिति द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चित्तौड़ में पाँच दिवसीय कार्यक्रम किये जाएंगे। अध्यक्ष मुकेश नाहटा ने बताया कि पहले दिन भगवान राम के मंदिर हेतु 1992 में गये कार सेवकों का सम्मान किया जाएगा। दूसरे दिन भगवान श्रीराम के युद्ध के साथी रहे वानरों को बाटी, फल-फ्रूट खिलाकर उनकी सेवा की जाएगी। तीसरे दिन कच्ची बस्तियों में जाकर कार्यकर्ताओं द्वारा रामधून कर उनके साथ दीप जलाकर, आतिशबाजी कर मिठाई बांट कर हर्ष के साथ रामोत्सव बनाया जाएगा। चौथे दिवस 21 जनवरी को सायं 4 बजे समस्त रामभक्त हिन्दू समाज द्वारा पाडनपोल से सुभाष चौक तक भगवान श्रीराम की भव्य मूर्ति के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी, जहाँ सुभाष चौक में 1100 गौमयी दीपक से आरती की जाएगी। पांचवे दिवस मंदिर में एलईडी लगाकर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का लाईव प्रसारण दिखाया जाएगा और खुशियाँ मनाई जाएगी। अध्यक्ष मुकेश नाहटा, धर्मेन्द्र मूंदड़ा, कुलदीप पारिक, अर्जुन जोशी, अमन गौड़, देवेन्द्र डांगी, अशोक सेन, सोमेश्वर सोनी, राजकुमार कुमावत, नितेश शर्मा, अविनाश शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, राहुल गुर्जर, संतोष शर्मा, विजय वैष्णव, संदीप तरावत, देवराज साहू, मुदित मेनारिया, विपुल सिंह राणावत, भेरूसिंह, रोहित धोबी, नरेश शर्मा, बुद्धिप्रकाश शर्मा, देवेन्द्र सिंह राठौड़, मयंक टांक, शुभम पारीक, अंकित वैष्णव, करण पांड्या, शांतिलाल गुर्जर, आलोक अंछेरा, गोपाल माली सहित अन्य द्वारा तैयारियाँ की जा रही है।

### दुर्ग स्थित भीमलत कुंड पर चलाया स्वच्छता अभियान

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** वात्सल्य संस्थान व धर्मार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में अपना दुर्ग-अपना गौरव अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दुर्ग स्थित भीमलत कुंड जहा तीसरा जौहर संवत 1568 में जहां हुआ पर स्वच्छता कार्य किया गया। घने कोहरे व ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्वच्छता के साथ ही मेवाड़ के गौरवमयी इतिहास को भी स्मरण किया गया। प्रतिमाह के अंतिम रविवार 28 जनवरी को प्रातः 8 से 10 बजे तक दुर्ग पर स्वच्छता कार्य करने का संकल्प किया। कार्यक्रम में प्रतीक शर्मा, पुष्कर नराणिया, अविनाश शर्मा, मनीष जैन, एवंत मेहता, कन्हैया लाल, अभिषेक कुमार, रमा नराणिया, निष्ठा नराणिया, उर्मिला शर्मा, दीपक मीना, इमरान आदि कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता श्रमदान किया।

प्रदेश भर से जार के पदाधिकारी व पत्रकार हुए शामिल

## हर्षोल्लास से मनाया जार का नववर्ष स्नेह मिलन



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) का नववर्ष स्नेह मिलन व विधायक सम्मान समारोह चारणवास में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में जयपुर समेत प्रदेश भर सक पत्रकार परिवार सहित आए और नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। साथ ही जार से जुड़े पत्रकारों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। समारोह में विधायक महेंद्र पाल मीणा ने मौजूद पत्रकारों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारिता हित में जार सराहनीय कार्य कर रहा है। मीणा ने कहा कि ईआरसीपी परियोजना से जमवारामगढ़ बांध को पुनः जीवित किया जाएगा। इसके लिए आम जन के साथ पत्रकारों का सहयोग जरूरी है। जल्द ही बांध फिर से पानी से लबालब होगा और जयपुर को पानी भी पिलाएगा। किसानों को सिंचाई पानी मिलेगा। इस मौके पर एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विमलेश शर्मा, जार के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राकेश शर्मा, जार जयपुर अध्यक्ष जगदीश शर्मा, आनंद कुमार डालमिंया व वीणा डालमिया संस्थापक अध्यक्ष गोविंद कृपा ट्रस्ट, जार पदाधिकारी भाग सिंह, संजय सैनी, सरपंच मुकेश मीणा, डॉ रविन्द्र शर्मा, डॉ बीके शर्मा, राजेन्द्र शर्मा अध्यक्ष धौलपुर समाज आदि को साफा पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

## जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़ ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मानव सेवार्थ हेतु गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु गोल प्याऊ चौराहा, सुभाष चौक, रोडवेज बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर विश्राम करने वाले जरूरतमंदों को नव वर्ष की संध्या पर कम्बल वितरित किये गये। इस मौके पर शहर काजी अब्दुल मुस्तफा, इस्माईल मंसूरी, रईस गोरी, रफीक नागोरी, गुलाम रसूल खान, रईस मंसूरी, सिद्दीक खान, जिलानी खान, शाहिद लोहार, इर्शाद छिपा, पार्षद गौस मोहम्मद सहित टीम के कार्यकर्ता मौजूद रहे। आगामी दिनों में इसी क्रम में जरूरतमंद बच्चों को भी गर्म कपड़े, स्वेटर, टोपे एवं मौजे वितरित किये जायेंगे।

## सर्दी का सितम जारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** सर्दी का सितम जारी है, जिसके चलते जनजीवन खासा प्रभावित हो रहा है। लगातार कोहरे और शीतलहर के बीच हाड़ कपाने वाली सर्दी से लोग बचाव के लिये जतन करते नजर आ रहे है। पिछले दो दिनों में पारे में गिरावट के साथ ही शीतलहर के कारण सवेरे और रात्रि में सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है। लोग घरों में दुबक कर सर्दी से बचाव कर रहे है। वही बाहर निकलने वाले लोग भारी भरकम ऊनी वस्त्र पहनने के साथ ही जगह-जगह अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे है। कोहरे के कारण रेल और बस यातायात भी काफी प्रभावित हो रहा है। इधर मौसमी बीमारियों की चपेट में आने से चिकित्सालयों में सर्दी, खासी, जुखाम पीड़ितों की लाईन लग रही है।

## नए साल के पहले दिन चिकित्सायल में 32 नवजातों की गूंजी किलकारियां

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** नए साल का पहला दिन नई खुशियां लेकर आया। नए साल के पहले दिन जिला चिकित्सालय की महिला एंव बाल चिकित्सालय ईकाई में 32 नवजातों ने जन्म लिया, इसमें 1 जुड़वां बहने व एक जुड़वा भाई बहन भी शामिल है। नई साल के जश्न के बीच सोमवार को शहर के जिला चिकित्सालय में किलकारियां गूंजी तो परिजनों और स्टाफ ने खूब खुशियां मनाई। डॉ प्रवीण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि साल के पहले दिन 17 लड़को व 16 लड़कियों ने जन्म लिया, जिसमे से 2 जोड़ी जुड़वा बच्चे भी हुए। राजसमंद के कुंडिया निवासी सीमा पति किशननाथ के 2 लडकिया पैदा हुई, तो बेंगू के गोपालपुरा निवासी मंजूबाला पति पंकज मौड़ के एक लड़की और एक लड़का पैदा हुआ। जन्मे सभी बच्चें स्वस्थ है। एक जनवरी को 32 नवजातों का जन्म होने से अस्पताल में बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। इससे पूर्व 31 दिसम्बर साल के आखरी दिन भी 28 नवजातों ने जन्म लिया, जिसमे 12 लड़के और 16 लड़कियां है।

## पाला पड़ने से रबी की फसलों में नुकसान की सम्भावना, किसान अपनाये सुरक्षा के उपाय-कृषि आयुक्त

**पाले से फसलों के बचाव के लिए किसान एक हजार लीटर पानी में एक लीटर सान्द्र गंधक के तेजाब के घोल का करें छिड़काव**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी ने बताया कि शीतलहर व पाले से फसलों को नुकसान होने की सम्भावना रहती है जिससे पौधों की पत्तियां व फूल झुलसकर झड़ जाते है एवं पौधों की फलियों-बालियों में दाने बनते नही हैं या सिकुड़ जाते हैं। उन्होंने बताया कि रबी की फसलों में फूल व बालियों के समय पाला पड़ने पर सर्वाधिक नुकसान की संभावना रहती है। इस समय किसानों को सतर्क रहकर फसलों की सुरक्षा के उपाय अपनाने चाहिए।



### शीतलहर व पाले से फसल की सुरक्षा के उपाय

**स्वामी** ने बताया कि फसलों को पाले से बचाने हेतु गंधक के तेजाब का 0.1 प्रतिशत अर्थात एक हजार लीटर पानी में एक लीटर सान्द्र गंधक का तेजाब का घोल तैयार कर फसलों पर छिड़काव करें अथवा घुलनशील गंधक के 0.2 प्रतिशत घोल का छिड़काव भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नकदी सब्जी वाली फसलों में भूमि के तापमान को कम होने से बचाने के लिए फसलों को टाट, पॉलिथिन अथवा भूसे से ढक देना चाहिए। पाले के दिनों में फसलों में सिंचाई करने से भी पाले का असर कम होता है तथा पाले के स्थाई समाधान के लिए खेतों की उत्तर-पश्चिम दिशा में मेढ़ों पर घने ऊंचे वृक्ष लगायें। उल्लेखनीय है कि जब आसमान साफ हो, हवा न चल रही है और तापमान काफी कम हो जाये तब पाला पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। दिन के समय दोपहर में पहले ठण्डी हवा चल रही हो व हवा का तापमान अत्यन्त कम होने लग जाये और दोपहर बाद अचानक हवा चलना बंद हो जाये तब पाला पड़ने की आंशका बढ़ जाती है। पाले के कारण पौधों की कोशिकाओं में उपस्थित जल जमने से कोशिका भित्ति फट जाती है, जिससे पौधों की पत्तियां, कोंपलें, फूल एवं फल क्षतिग्रस्त हो जाते है।

## कांग्रेस में चल रहा आरोप-प्रत्यारोप का दौर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के कारण पार्टी के पदाधिकारियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। प्रमोद सिसोदिया सदस्य राजस्थान प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी ने सुरेद्र सिंह जाड़ावत की हार का ठिकरा उन्ही पर फोड़ दिया। जाड़ावत अपनी हार का ठीकरा नगरपरिषद के चेयरमेन, पार्षदों और अप्रत्यक्ष रूप से सिसोदिया ऊपर भी फोड़ रहे हैं। जिस पर सिसोदिया ने पलटवार करते हुए कहा कि जाड़ावत एक वरिष्ठ नेता हैं, किन्तु वो लगातार तीसरी बार विधानसभा का चुनाव हारे हैं वह भी उस प्रत्याशी से जिसे वे स्वयं राजनीति में नौसिखिया मानते रहे हैं। प्रथम बार लगभग बारह हज़ार मतों से दूसरी बार लगभग 24 हज़ार वोटों से शर्मनाक पराजय झेलने के बाद तीसरी बार तो इसे श्विश्व-रिकॉर्ड माना जाना चाहिए जबकि भाजपा ने अपने पूर्व प्रत्याशी चंद्रभान को टिकट ही नहीं दिया और स्वाभाविक रूप से भाजपा के मतों में विभाजन होने के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी की हार हुई, जबकि राज्य की कांग्रेस सरकार के प्रति कोई एंटीइंकम्बेंसी भी नहीं थी किन्तु जनता ने जाड़ावत को नकार दिया और निर्दलीय प्रत्याशी को जीता दिया। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षो से जाड़ावत के परिवारजनों ने भूमाफिया के रूप में मन्दिरों की जमीन हड़पने, विवादास्पद जमीनों पर कब्ज़ा करने, गरीबों की जमीनों पर ताकत और सत्ता के बल पर कब्जा करने जैसे काम किये है। शहर में ईदगाह व लक्ष्मीनारायण मंदिर की भूमि के प्रकरण ने आग में घी का काम किया। जिससे उनकी छवि को गहरा आघात लगा, परिणामस्वरूप जनता ने उनको एक बार फिर नकार दिया और उन्हें लगातार तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा।

ANCHOR | भारत संकल्प यात्रा

## विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने के लिए चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को बेगू की ग्राम पंचायत मेघनिवास, बड़ी सादड़ी की ग्राम पंचायत पायरी और केवलपुरा, भदेसर की ग्राम पंचायत नपावली और आकोलाकला, चित्तौड़गढ़ की ग्राम पंचायत रोलहेड़ा और बड़ोदिया, राशमी की ग्राम पंचायत बारू और पावली, भूपालसागर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत उसरोल और कानाखेड़ा मे शिविर आयोजित हुए। कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने भूपालसागर की ग्राम पंचायत कानाखेड़ा तथा विधायक डॉ सुरेश धाकड़ ने भैंसरोडगढ़ की ग्राम पंचायत मंडेसरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में लगे अधिकारियों से विभागों द्वारा दिए जा रहे लाभ एवं योजनाओं की प्रगति का फीडबैक भी लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन को शिविर के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने को प्रेरित किया। उन्होंने आमजन को 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई। शिविरों में स्थानीय विद्यार्थियों और आमजन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन के पहुँचने पर उसका ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में विभागवार काउंटर लगाये गये है, जहां योजनाओं के पात्र नागरिकों का हाथों-हाथ पंजीकरण कर लाभान्वित किया जा रहा है। शिविरों में स्थानीय विधालय के विद्यार्थियों द्वारा धरती कहे पुकार के की थीम पर आधारित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। शिविरों में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। इसके अलावा विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाली महिलाओं, विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई गई।

## क्रिकेट मैच में नॉन टीचिंग स्टाफ की टीम बनी विजेता

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ यूनिवर्सिटी में चल रहे सात दिवसीय विंटर स्पोर्ट्स एंड गेम्स के अंतर्गत मंगलवार को टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। मैच में नॉन टीचिंग स्टाफ ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 104 रन की पारी खेली, इसके जबाव में टीचिंग स्टाफ की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन लक्ष्य से 3 रन से पीछे रहते हुए पूरी टीम ऑल आउट हो गई। नॉन टीचिंग स्टाफ ने यह मैच 3 रन से जीता जबकि टीचिंग स्टाफ की टीम ने 101 रन बनाएं। मैच में नॉन टीचिंग स्टाफ की तरफ से देशबंधु पुरबाई ने 21 रन, ताबिश खान ने 18 और हेमेंद्र ने 13 रन बनाएं। वहीं टीचिंग स्टाफ की ओर से लोन फैजल ने 22 रन, राज सिंह ने 29 और उमेश गारु ने 22 रन का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब उमेश गारु को दिया गया। मैच के दौरान नॉन टीचिंग स्टाफ की टीम से कैप्टन की भूमिका ताबिश अली खान और टीचिंग स्टाफ की टीम से बी.एल पाल ने निभाई। मैच के दौरान एम्पायर की भूमिका डॉ. गौतम सिंह धाकड़ ने निभाई। वहीं दूसरी तरफ फीमेल फैकल्टी मेम्बर के लिए कैरम बोर्ड प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें आलिया मौहम्मद और सूर्या मौहम्मद विजेता बनी। वहीं शाम के समय नववर्ष और मेवाड़ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. आलोक मिश्रा का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी फैकल्टी मेम्बर विभिन्न गानों की धुनों पर जमकर थिरकें। कार्यक्रम के समापन के मौके पर मेवाड़ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. आलोक मिश्रा ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम नए वर्ष में मेवाड़ यूनिवर्सिटी को ऊचाईयों तक पहुंचाने का संकल्प लेते है।

## पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 4 को

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** सहायक निदेशक, लोक सेवाऐं, राकेश पुरोहित ने बताया कि 4 जनवरी को जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा जिले में उपखण्ड निम्बाहेडा की ग्राम पंचायत बिनोता, चित्तौडगढ की ग्राम पंचायत नगरी एंव डूंगला में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में वीसी के माध्यम से भाग लिया जावेगा। अतः उक्त पंचायतों में उपखण्ड अधिकारी स्वयं की अध्यक्षता में जनसुनवाई करेगें। समस्त ग्राम पंचायतों में पूर्ववत ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में 11 जनवरी को उपखण्ड स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई एवं उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में अधिक से अधिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थित सुनिश्चित करते हुए परिवादियों के बैठने एंव पानी की समुचित व्यवस्थाएं कराने की भी सुनिश्चितता की जाए।

नववर्ष की शुभकामनायें



नेहा कटारा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net


धूप फिर से दिवानी होगी
छांव भी तो सयानी होगी
**********
फिर पतझड़ का मौसम होगा
फिर से धरती धानी होगी...
**********
रंगों रंगी होली के संग
दीपों की दीवाली होगी
**********
कभी कभी ये मन नाचेगा
कोई टीस पुरानी होगी
**********
झूठे सच्चे वादे होंगे
फिर से कोई कहानी होगी
**********
नये नये से हम भी होंगे
तब ही तो अगवानी होगी
**********
नये साल का जश्न मनेगा
लेकिन खुशी फिर फ़ानी होगी..
*(लेखक भुसावर (भरतपुर) से है)*

## नए साल पर भारत की अक्षता से लें प्रेरणा

# धरती से मंगल ग्रह पर कंट्रोल किया नासा का रोवर, ऐसा करने वालीं पहली भारतीय

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**वॉशिंगटन।** स्पेस के क्षेत्र में जाने की इच्छा रखने वालों को भारत की अक्षता कृष्णमूर्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने इतिहास रच दिया है। मंगल ग्रह पर अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के रोवर को संचालित करने वाली वह पहली भारतीय बनी हैं। 30 नवंबर को उन्होंने इससे जुड़ा वीडियो शेयर किया था, लेकिन नए साल पर हम इनसे प्रेरणा ले सकते हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को साझा किया है। उन्होंने कहा, 'कोई भी सपना कभी भी बहुत बड़ा या पागलपन भरा नहीं होता। खुद पर विश्वास रखें। लक्ष्य पर निगाह टिकाए रखे। मैं वादा करती हूं कि आप कड़ी मेहनत करेंगे तो वहां जरूर पहुंचेंगे।'अक्षता ने MIT (मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) से पीएचडी की है। वह उन कुछ भारतीयों में से हैं, जो पूर्णकालिक अवसर के लिए नासा में शामिल हुई हैं। अक्षता की लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक वह नासा में प्रमुख इन्वेस्टिगेटर और मिशन विज्ञान चरण लीड हैं। नासा में पिछले पांच वर्षों से वह काम कर रही हैं। अक्षता ने अपनी प्रेरक यात्रा को इंस्टाग्राम पर साझा किया। उन्होंने बताया कि वह मंगल ग्रह पर रोवर को संचालित करने और पृथ्वी पर वापस लाने वाले नमूने इकट्ठा करने वाली पहली भारतीय नागरिक बनीं।



### 13 साल पहले पहुंचीं अमेरिका

**अक्षता** की यात्रा 13 साल पहले शुरू हुई, जब वह नासा में काम करने का सपना लेकर अमेरिका पहुंची थीं। क्योंकि वह एक विदेशी नागरिक थीं, इस कारण उनके लिए यह लक्ष्य पाना बेहद मुश्किल था। लोगों ने उनसे कहा कि उनका सपना बेहद मुश्किल है, इसलिए वह कोई नया लक्ष्य बनाएं। हालांकि अक्षता ने किसी की नहीं सुनी और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में डटी रहीं। उन्होंने लिखा, 'MIT में पीएचडी करने से लेकर नासा में पूर्णकालिक नौकरी पानी के लिए सैकड़ों दरवाजे खटखटाने तक, कुछ भी आसान नहीं था। आज मैं कई शानदार अंतरिक्ष मिशनों पर काम करती हूं, जिसमें पृथ्वी पर वापस लाने के लिए नमूने इकट्ठा करने वाला पर्सिवरेंस रोवर भी शामिल है।'

### अंतरिक्ष यात्री बनना है सपना

इंस्टाग्राम पर उनके इस वीडियो को अब तक 70 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। भारतीय लोगों ने उनकी प्रशंसा की। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, 'सच में यह बेहद प्रभावशाली और सराहनीय है। हर किसी में यह साहस नहीं है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आप जैसी महिलाएं महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए प्रेरणा हैं।' इंस्टाग्राम पर अक्षता की बायो के मुताबिक वह अंतरिक्ष यात्री बनना चाहती हैं।

### निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर 4 को

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** गैल इंडिया के सोजन्य एवं महावीर इंटरनेशनल दिल्ली, महावीर इंटरनेशनल हेल्थ केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान मे निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 4 जनवरी को पंचायत भवन घोसुण्डा में प्रातः 10 से 2 तक आयोजित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से आंखों से संबंधित विभिन्न तरह की बीमारियों का निदान किया जाएगा। साथ में ही निशुल्क दवाएं एवं पास की नजर के चश्मे भी वितरित किये जाएंगे। रोगियों की सामान्य चिकित्सा, बीपी, शुगर एवं सीबीसी की जांच भी की जाएगी एंव हाथो हाथ रिपोर्ट सौपी जायेगी। मोतियाबिंद के चयनित रोगियों का निशुल्क ऑपरेशन महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय में किये जाएगे।

पीताम्बरा आश्रम में सात दिवसीय प्राच्यविद्या शिविर सम्पन्न

# यज्ञविधान एवं पंचदेव पूजा-अर्चना अनुष्ठानों में उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**बांसवाड़ा।** गायत्री मण्डल की ओर से पीताम्बरा आश्रम में आयोजित सात दिवसीय प्राच्यविद्या साधना एवं प्रशिक्षण शिविर लालीवाव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर संतश्री हरिओमदासजी महाराज द्वारा दश महाविद्या यज्ञ में पूर्णाहुति और आरती विधान के साथ रविवार रात सम्पन्न हो गया।

पूर्णाहुति उत्सव में प्रवचन करते हुए महामण्डलेश्वर संतश्री हरिओमदास जी महाराज ने गायत्री मण्डल के संस्थापक संचालक देवर्षि पं. महादेव शुक्ल का स्मरण किया और कहा कि उनके संकल्पों को साकार करने तथा धर्म-अध्यात्म एवं सनातन परम्पराओं की चेतना संचार के लिए मण्डल द्वारा संचालित गतिविधियां अनुकरणीय एवं सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि पुरातन संस्कृति का संरक्षण और नई पीढ़ी तक इस ज्ञान का संवहन हमारा प्राथमिक कर्त्तव्य होना चाहिए। महामण्डलेश्वर ने हनुमानजी के श्रीविग्रह की पूजा-अर्चना कर पूर्णाहुति उत्सव का शुभारंभ किया और यज्ञ में पूर्णाहुति दी। वयोवृद्ध वेदमर्मज्ञ पं. इन्द्रशंकर झा एवं पं. सूर्यशंकर नागर तथा पौरोहित्य कर्म विद्वान पं. अवधबिहारी भट्ट के साथ ही मुख्य साधकों पं. अनिमेष पुरोहित सहित पं. मनोहर जी. जोशी, पं. चन्द्रशेखर जोशी, पं. सुशील त्रिवेदी, पं. चन्द्रेश व्यास एवं पं. सुभाष भट्ट आदि साधकों ने भी यज्ञ पूर्णाहुति विधान में हिस्सा लेते हुए घृत आहुतियां समर्पित कीं।

## रामानंदाचार्य जयंती मनाने को लेकर वैष्णव समाज ने किया विचार-विमर्श

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** वैष्णव बैरागी महासभा विकास समिति केकड़ी की बैठक रविवार को कस्बे के सरसडी गेट स्थित लक्ष्मीनाथ मन्दिर में महासभा अध्यक्ष गोपाललाल वैष्णव रणजीतपुरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 4 फरवरी को रामानंदाचार्य जयंती के अवसर पर वाहन रैली निकालने सहित धूमधाम से मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान वैष्णव छात्रावास में आजीवन ट्रस्टी बनने को लेकर भी बात हुई। महासभा के सचिव कैलाशचन्द वैष्णव ने बताया कि जयंती की पूर्व तैयारियों को लेकर आगामी बैठक 7 जनवरी रविवार को रखी जाएगी। कोषाध्यक्ष महावीरप्रसाद वैष्णव तसवारियाँ ने समाज एकता पर बल दिया। वही शंकरदास वैष्णव ने महिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर अपने सुझाव दिए। बैठक में प्रहलाद वैष्णव रामपुरा एवं परमेश्वर टीलावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीशदास वैष्णव, उपाध्यक्ष श्रीराम वैष्णव, प्रवक्ता दिनेश कुमार वैष्णव सहित केकड़ी क्षेत्र के कई समाजजन उपस्थित थे।

ऑल ड्राईवर कल्याण संघ चित्तौडगढ़

# गृहमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### नये कानून एक्सीडेन्ट होने पर ड्राईवर को 10 साल की होने वाली सजा और 5 लाख के दंड के संबंध मे सौपा ज्ञापन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** सरकार के द्वारा लोकसभा सत्र मे नया कानून 2023 लाया गया जिसमें भारतीय ड्राइवर के द्वारा एक्सीडेन्ट होने पर 10 साल की सजा घायल व्यक्ति को छोडकर भाग जाने पर और यदि ड्राइवर रूक कर अस्पताल पहूंचाये तो सजा कम हो सकती है और 5 लाख का जुर्माना। यह सरकार द्वारा अनुचित तरीके से भारत के 22 करोड़ चालकों के गले में फांसी का फंदा पहनाने के समान है। भारत के सम्पूर्ण ड्राइवरों में इस कानून के खिलाफ भारी रोष और आक्रोश है। पिछले 77 सालों मे भारतीय ड्राइवर को इंसाफ नहीं मिला और एक नया कानून थोपकर ड्राइवरों की जिन्दगीयॉ छिनने का महापाप घोर अन्याय किया जा रहा है। पहले से भारतीय ड्राइवर पीडित, दुखी, लाचार, शोषित और असहाय है। किसी भी सरकार किसी भी राजनीतिक दल, पार्टी, किसी भी समूह, किसी भी एनजीओ संस्था ने आज तक उसका हाथ नहीं थामा। ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के द्वारा प्रमुख मांगें ड्राइवर आयोग, राष्ट्रीय ड्राइवर सम्मान दिवस, ड्राइवर राहत कोष, समेत 29 सूत्रीय मांगो पर अभी तक सरकार ने कोई इंसाफ नही दिया। अभी तक सरकार ने ड्राइवर की जिन्दगी पर कोई मन्थन नही किया, रोशनी नही डाली। ड्राइवर किस हाल मे रहते है, किस हाल मे जीते हैं ड्राइवर का भविष्य कैसा है। उनकी परिस्थितियॉ कैसी है इसका चिंतन किसी ने नही किया।

# गुड़ामालाणी विधायक विश्नोई को राज्य मंत्री बनाने पर लोगों में उत्साह



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सांचोर।** राजस्थान सरकार में मंत्रीयों के शपथ लेते ही गुड़ामालानी सहित प्रदेश भर में पटाखे फोड़ कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर के के बिश्नोई को राज्य मंत्री बनाए जाने की बधाई दी जा रही है विश्नोई धर्मशाला के आगे कार्यकर्ताओं की ओर से पटाखे फोड़ कर मिठाई बांटी गई और एक दूसरे को के के बिश्नोई को मंत्री बनाए जाने पर बधाइयां दी। सांचोर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर और जालौर जिले से के के विश्नोई एकमात्र विधायक है जो भजनलाल सरकार में राज्य मंत्री बनाए गए हैं के के बिश्नोई गुड़ामालानी से पहली बार चुनाव लड़े और कांग्रेस के दिग्गज नेता कर्नल सोनाराम चौधरी को बड़े अंतर से चुनाव हराकर विधानसभा पहुंचे। आदूराम प्रजापत पूर्व सरपंच लूखू, रघुनाथराम मांजू पूर्व सरपंच बेरीगांव, किशनलाल पंवार भलीसर, भाखराराम बोला कुम्हारों की बेरी, भीखाराम गोदारा कुम्हारों की बेरी, भगाराम नाई कोलियाणा,भींयाराम प्रजापत रोहिला पूर्व, श्रवणकुमार खीचड़ धोरीमन्ना, भजनलाल जाणी चेनपुरा, रामनिवास सारण कबूली, प्रकाश विडारा माणकी, रामनिवास बोला कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मुंह मीठा करवाकर खुशी जाहिर कर बधाई दी।

## दिव्यांग सहायता शिविर कार्यक्रम के पोस्टर का हुआ विमोचन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**केकड़ी।** जयपुर अजमेर बाई पास रोड़ स्थित प्रेम मैरिज गार्डन में विशाल दिव्यांग सहायता शिविर लघु उद्योग भारती व इंडस्ट्रियल एसोसिएशन संस्थान द्वारा भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 11 ,12 व 13 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। शिविर के व्यवस्था प्रमुख रामगोपाल सैनी ने बताया कि 11 जनवरी से ये विशाल निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर लगाया जा रहा है जिसमे जयपुर की श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को ट्राईल साइकिल, व्हील चैयर, कान की मशीन, बैसाखी, छडी, (दृष्टिहीन को) कैलीपर, छडी (अंपग के लिए) कृत्रिम पैर, हाथ कृत्रिम आदि लगाए जाएंगे। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी के अध्यक्ष महेश मंत्री, कोषाध्यक्ष भगवान माहेश्वरी, सचिव दिनेश वैष्णव, व्यवस्था प्रमुख रामगोपला सैनी, प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य सर्वेश विजय, शिव कुमार बियानी, विमल कोठारी, नंदकिशोर तिवाड़ी, श्याम माहेश्वरी, गुलाब चंद सोमाणी, किशन प्रकाश सोनी, निहान चंद मैडतवाला, अनिल जैन, पारस जैन, लघु उद्योग भारती उपाध्यक्ष शिवकुमार बियानी, लघु उद्योग भारती कोषाध्यक्ष,अंकित जैन, दिव्यांग सेवा समिति सरवाड़ के अध्यक्ष उगमालाल रैगर, दिव्यांग सारथी सेवा संस्थान केकड़ी के अध्यक्ष ओमप्रकाश माली, मिडिया प्रभारी सुरेश जैतवाल एवम प्रेम गार्डन के रामस्वरूप नायक मोजूद रहे ।

विकसित भारत संकल्प यात्राः जन-जन तक पहुंच रही केन्द्र सरकार की योजनाएं

# आमजन को मिल रहा योजनाओं का लाभ, परिवेदनाओं का हो रहा निस्तारण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं एवं इनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी आमजन तक पहुंचाने एवं आमजन को योजनाओं का लाभ दिलवाने के उद्देश्य से ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत सोमवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रचार-प्रसार रथ एवं शिविरों के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

### यहां आयोजित हुए शिविर

**जिला** नोडल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को पंचायत समिति चामू की ग्राम पंचायत देवानिया व डूंगरी कलां, बावड़ी की बावड़ी व नेतरा, पीपाड़ शहर की बोरुंदा व सोवनिया,मंडोर की खोखरिया व गुजरावास, धवा की सिनली व कालीजाल, शेरगढ़ की रायसर व गड़ा और तिंवरी की तिंवरी व बड़ला बासनी ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित हुए।

### शिविर में इन योजनाओं का मिल रहा लाभ

**ग्राम** पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित हुए शिविरों में पात्र ग्रामीणों का आयुष्मान भारत योजना, पीएमजेएवाई, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, राजीविका, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नमो ड्रोन, लखपति दीदी योजना एवं पीएम पोषण योजना आदि के बारे में जागरूक किया गया एवं पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया। वहीं महिला लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता विजेताओं को प्रमाण पत्र सहित आयोजित शिविरों में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को अभिनन्दन पत्र प्रदान किये गये।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए घर-घर पूजित अक्षत से दिया निमंत्रण



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार से विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पूजित अक्षत का वितरण शुरू किया। साथ ही विभिन्न स्थानीय मन्दिरों में भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए बाकायदा अलग से अक्षत से निमंत्रण दिया जा रहा है। रामेश्वर मारोटीया ने बताया की इस दौरान मालियों की आथूणी बास, श्रीमाली मौहल्ले,भाटीयों का बास, मुख्य बाजार सहित सम्पूर्ण वार्ड 23 में पूजित अक्षत, चित्र व संदेश का वितरण ढोल थाली बजाकर किया गया। उनको पूजित अक्षत देकर ये कहा गया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने क्षेत्र में आयोजन करें और शाम के समय दीपावली मनाएं।

पूजित अक्षत वितरण अभियान के चेनाराम गहलोत ने बताया कि लोगों में उत्साह है। बताया कि हजारों कार्यकर्ता अक्षत वितरण अभियान में लगे हैं। साथ ही संघ विचार परिवार के एक-एक सदस्य का सहयोग मिल रहा है। हर गांव शहर में 22 जनवरी को दीपावली व मठ-मंदिर पर अष्ठयाम की तैयारी चल रही है। पूरा पीपाड़ शहर राममय रहेगा। अभियान के दौरान इसमें ठेकेदार जीवराज, गणपतराज मारोटीया, प्रकाश कच्छावाह, प्रीतम सोनी, मेहराम गहलोत, सुरेश, अभिषेक, श्यामलाल, भीरमदास वैष्णव, नरेश, सोनिया,कोमल, गुड्डी सहित कई महिलाए और बालिकाएं शामिल रहे।

# उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जोधपुर में

### पालासनी में आयोजित कार्यक्रम में लेंगे भाग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 जनवरी, बुधवार को एक दिवसीय कार्यक्रम में जोधपुर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार योगी आदित्यनाथ दोपहर 1.10 बजे राजकीय वायुयान द्वारा जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा दोपहर 1.25 राजकीय हेलीकाप्टर द्वारा पालासनी में बनाए गए हैलीपेड पहुंचेंगे। दोपहर डेढ़ बजे वे सिद्ध श्री चिड़ियानाथ जी का आसण, पालासनी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर ढाई बजे तक श्री श्री 1008 श्री ब्रह्मलीन आयश योगी कैलाशनाथ जी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 2.30 बजे वे जोधपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 2.55 बजे वे जोड़ीपुर एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।



# निर्धन बच्चों संग नववर्ष मनाया

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** ताज फतेह प्रकाश पैलेस द्वारा नारायण सेवा संस्थान के सेवामहातीर्थ, बड़ी परिसर में दीन, दुःखी और असहाय बच्चों संग नववर्ष शानदार भोज का आयोजन हुआ। जिसमें नारायण चिल्ड्रन एकेडमी और गुरुकुल के बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक खाना बनाकर खिलाया गया। टीम ने संस्थान का अवलोकन करते हुए बच्चों के शिक्षा हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान पैलेस के मैनेजर दिलीप नायर, एचआर हेड सुनीता और शेफ हेमंत सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। इस भोज आयोजन पर बड़ी यूनिट हेड अनिल आचार्य ने ग्रुप का धन्यवाद व्यक्त किया।

## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म    दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................................

पता : ....................................

....................................

फोन .................... पिन कोड

राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक ....................    हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718



अपने जीवन को नया रूप, नया अर्थ हम ही दे सकते हैं। इसके लिए हमें अपने स्वास्थ्य, आर्थिक, मानसिक, आत्मिक, संबंध और तकनीक प्रबंधन की कला सीखनी होगी। इस कला के सूत्रों को अपनाकर हमारा जीवन निश्चित ही तनावमुक्त, उत्साह और ऊर्जा से भरपूर बन जाएगा। इसका शुभारंभ हम कल से शुरू हो रहे नववर्ष से ही कर सकते हैं।

# नए वर्ष में दें जीवन को नया अर्थ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

यह जीवन सुख-दुख और हर्ष-विषाद की एक अनवरत यात्रा है। हमारी कामनाएं इस यात्रा को गति देती हैं और परेशानी का कारण भी बनती हैं। इस वर्ष आपने ना जाने कितनी योजनाएं बनाई होंगी। कुछ पूरे हुए होंगे और कुछ शेष होंगे। कल की बेहतरी की उम्मीद जिजीविषा को बनाए रखती है और जीवन को नए मायने देती है। वस्तुतः नएपन का बोध व्यक्ति को ऊर्जा से भर देता है और यही ऊर्जा मनुष्य के विकास का आधार है। कल से आरंभ हो रहे नववर्ष में हम स्व प्रबंधन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

## आर्थिक प्रबंधन

यह आर्थिक युग है। जीने के लिए धन की अनिवार्यता है और आर्थिक आत्मनिर्भरता हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। यदि आप व्यवसाय करते हैं, तो आप अपने परिवार से इत्तर लोगों के लिए भी सहारा बनते हैं और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में भी योगदान देते हैं। व्यवसाय कई पीढ़ियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकता है। व्यवसाय के लिए पूंजी चाहिए और लंबे समय तक छोटी बचत से भी बड़ी पूंजी खड़ी हो सकती है। बाजार के प्रभाव में आकर अनावश्यक खर्चे से बचें और आर्थिक रूप से जागरूक बनें। जिस निवेश में जोखिम हो, उसमें लाभ की संभावना भी छिपी होती है। नया वर्ष ऐसी किसी योजना को कार्यरूप देने का अवसर है। जमीन या मकान में ऐसा निवेश ना करें, जो कई वर्षों तक आपकी परेशानी का सबब बना रहे। वास्तविक जरूरत का सम्यक आकलन ऐसी परेशानी से बचा सकता है।

## स्वास्थ्य प्रबंधन

जो स्वस्थ है, वही जीवन का आनंद ले सकता है। किसी रोग से ग्रस्त होने से पहले भी शरीर कई तरह के संकेत देता है, लेकिन सामान्यतः हम उन्हें पकड़ नही पाते क्योंकि हम इसके प्रति इतने जागरूक नहीं होते। ऐसे में, बेहतर यही है कि प्रतिवर्ष बुनियादी मानदंडों पर अपने स्वास्थ्य को परखने के लिए अपनी जांच कराएं ताकि यदि कोई रोग भीतर पनप भी रहा हो, तो शुरुआती दौर में ही उसका पता चल जाए और आप आगे का जीवन सक्रियतापूर्वक बिता सकें। क्या बीत रहे वर्ष में आपने ऐसी कोई जांच कराई है? यदि हां, तो क्या आपकी दिनचर्या डॉक्टर के कहे मुताबिक ही चल रही है या आप अब भी तमाम लक्षणों का विश्लेषण अपने कयास के आधार पर कर रहे हैं? चिकित्सा विज्ञान ने जो प्रगति की है, उसका लाभ उठाना आपका अधिकार है, यह लाभ लेने में ही ना सिर्फ आपकी बल्कि आपके परिवार की भी सुरक्षा और भलाई है।





## संबंध प्रबंधन

यह दुनिया संबंधों की है। बहुधा देखा जाता है कि पद, कद, रुतबा बदलते ही हमारे व्यवहार में परिवर्तन आने लगता है। अपनी खुशहाली में हम जिनसे सम्मान और मान्यता की अपेक्षा रखते हैं, व्यवहार जगत में हम उन्हीं रक्तसंबंधियों से दूर होने लगते हैं। हममें से अधिकतर लोग अपने ही सगों से धोखा खाए, सताए हुए हैं। ऐसे में, कई बार पराए, अल्पपरिचित लोग अधिक प्रिय लगने लग जाते हैं। फिर भी, संबंध छूट नहीं जाते। मैं सही-तू गलत के चक्कर में यदि संबंधों की न्यूनतम मर्यादा के पालन से भी आप चूके हों, तो आने वाला वर्ष इसे सुधारने का अवसर है। नए संबंध भी बनाएं और रक्तसंबंधियों से भी जुड़े रहें। इससे आगे चलकर पहचान का संकट पैदा नहीं होगा।

## तकनीक प्रबंधन

सबसे कीमती है समय। सही समय पर लिया गया सही निर्णय एक लंबी छलांग दे सकता है। लेकिन हममें से बहुतों की दुनिया अब गैजेट्स तक सीमित रह गई है। वास्तव में, इन दिनों लोग सोशल मीडिया पर बहुत अधिक समय दे रहे हैं। परिवार छोटे हो रहे हैं और परिवार का हर सदस्य अपने मोबाइल में व्यस्त है। गौर कीजिए कि इस बीत रहे वर्ष में आपने प्रतिदिन सोशल मीडिया पर बिताए औसत समय की तुलना में क्या कुछ हासिल किया? सोशल मीडिया आपके लिए अपनी रचनात्मकता की अभिव्यक्ति या धनार्जन का विषय है या आप बस टाइमपास कर रहे हैं? गैजेट्स पर अपनी व्यस्तता की समीक्षा कीजिए और अधिक सार्थक काम को समय दीजिए। जीवन की जरूरतें बहुत अधिक नहीं हैं और ना ही महत्वाकांक्षा का कोई अंत है। इसलिए किसी भी तकनीक को उतना ही समय दें, जितने के बाद भी आप परिवार को पर्याप्त समय दे पा रहे हों।

## मानसिक प्रबंधन

संभव है, बीत रहा वर्ष आपके लिए किसी विषय या क्षेत्र में कड़वा अनुभव देने वाला रहा हो। यह अनुभव नए वर्ष में आपके काम आ सकता है, क्योंकि बकौल हरिवंश राय बच्चन-जो बीत गई, सो बात गई। किसी दुर्घटना के डर से हम सड़क पर निकलना तो नहीं छोड़ देते। जीवन में आगे बढ़ना ही होता है। अपनी जिजीविषा के बूते मनुष्य ने अनंत चुनौतियां पार की हैं। प्रकृति प्रतिपल नूतन है और जीवन का हर क्षण एक अप्रतिम अवसर है। महाप्राण निराला का महामंत्र है-'नवगति नवलय ताल-छंद नव, नवल कंठ नव जलद मंत्र रव।' जब तक आपमें प्राणऊर्जा है, आप अपनी परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर सकते हैं। अनंत अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। आइए, अपने जीवन को नया रूप, नया अर्थ देने के शुभ संकल्प के साथ नव वर्ष में प्रवेश करें। *



## आत्म प्रबंधन

मनुष्य केवल भूख, नींद और पैसा कमाने के लिए नहीं है। उसके पास एक विकसित मन और चेतना भी है। जीवन की इस आपा-धापी में, हमारे पास अपने लिए समय ना के बराबर रह गया है। आज ऐसा एकांत दुर्लभ होता जा रहा है, जिसमें हम कुछ समय सिर्फ अपने आपको दे सकें। स्वाध्याय, चिंतन-मनन, शांत करने वाले संगीत और ध्यान से हममें से अधिकतर लोग विमुख हैं। जीवन में जो कुछ भी आध्यात्मिक रूप से मूल्यवान है, तकनीक वो हमें नहीं दे रही है। सो निरंतर सक्रियता के साथ ठहरना भी जरूरी है। नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए आत्ममंथन भी हो कि क्या यह हमें बेहतर मनुष्य बना रही है? यह समय इस वर्ष की गलतियों से सबक लेकर नए वर्ष में नए संकल्प के साथ प्रवेश करने का है। क्या आपके खान पान और जगत-व्यवहार में शुचिता है? क्या चेतना के तल पर आप ऊपर उठ पाए हैं? क्या आपके जीवन में आध्यात्मिकता है? इन प्रश्नों के जवाब अगर ना में हैं तो यही सही समय है कि आत्मचेतना के लिए भी सक्रिय हों।

---

{ लघुकथा / डॉ. मोनिका शर्मा }

# आभासी चक्रव्यूह

नववर्ष के संकल्पों की सूची बनाते हुए उसने तकनीकी दुनिया से मिली सहूलियतों पर भी विचार किया। नए साल में अपनी दुनिया नई कर लेने के वादों को वास्तविकता के धरातल पर उतारने के लिए बहुत से एप स्मार्ट फोन में डाउनलोड कर लिए। फोन की स्क्रीन पर पल-पल अवतरित हो वजन घटाने की युक्तियां बताने वाले एप से लेकर मन की सेहत सुधारने के तरीके सुझाने वाले एप तक। कोई एप दिन की शुरुआत में ही सितारों की चाल जान लेने के लिए चुना तो कोई जीवनशैली बदलने के गुर समझने के लिए। उसके उत्साहित युवा मन को ये एप्स झटपट कुछ कर जाने और उसका लेखा-जोखा रखने के माध्यम प्रतीत हुए।




साल का पहला सप्ताह स्क्रीन पर अवतरित होते सुझावों को समझते-गुनते ही बीत गया। स्क्रीन स्क्रॉल का वक्त घटने के बजाय और बढ़ गया। साथ ही कम हो गई लक्ष्य तक जाने, जो करने की ठानी है, उसे कर पाने की सक्रियता और प्रतिबद्धता। कोई संकल्प मुश्किल लगता तो मन उसका विकल्प भी किसी दूसरे एप में तलाशने की वर्चुअल दौड़-धूप शुरू कर देता। यह नहीं तो वह, वह नहीं तो यह। कुछ ना करते हुए सब कुछ कर जाने का आभासी चक्रव्यूह असल जीवन को घेरने लगा। गति पकड़ने के गुर बताने वाले माध्यमों से जीवन कुछ और ठिठक-सा गया।

बेटे के स्वयं से किए वादों का दावे भर बनकर रह जाना देख मां ने संयत स्वर में एक दिन कहा, 'सोचने या चाहने भर से कुछ नहीं होता बेटा, नियमित समय और ऊर्जा लगाना ही अपने लक्ष्य तक जाने का एकमात्र रास्ता है।' बेटे ने मां की ओर देखकर हामी भरी, 'हां मां, मैं समझ गया हूं। यह सब भ्रम-सा ही है। स्क्रीन के इस ओर बैठकर जानी-समझी गई बातों के मायने भी तभी हैं, जब वास्तविक दुनिया में हम स्वयं इन्हें लागू करने की ठानें।'

मां ने आशा भरी नजर से अपने बेटे को देखा और फिर बोलीं, 'अपने आपको या जिंदगी को बदलने की राह में असर तभी नजर आता है, जब सूचनाओं और जानकारियों को जुटाने के साथ-साथ मन-जीवन में भी सक्रियता लाई जाए। बदलाव का मार्ग किसी एप में नहीं स्वयं अपने आप में है बेटे।' बेटे ने बरसों से सधी-सजग और सक्रिय दिनचर्या का पालन कर रही मां की ओर मुस्कुराकर देखा और स्क्रीन स्क्रॉल कर रहे अंगूठे को विराम दिया। फोन एक तरफ रख मन ही मन कुछ ठानते हुए वह कागज-कलम ले गंभीरता से अपनी समय सारिणी बनाने लगा। *

---



{ गीत
अशोक 'अंजुम' }

# नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!

तोड़ गया, अंदर तक हमको तोड़ गया,
गया वर्ष जो उलझन अनगिन छोड़ गया,
तुम देना निष्कर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
जो सच्चाई की राहों के साधक हैं,
मानवता के जो सच्चे आराधक हैं,
वे पाएं उत्कर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
निर्बल का बल बनकर जो भी रहते हैं,
जिनके मन में करुणा के नद बहते हैं,
उनको देना हर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
सबके पथ पर सुंदर फूल खिलाना तुम,
भटकों को अब मंजिल तक पहुंचाना तुम,
सुफलित हों संघर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!

---

{ आत्मप्रेरणा / बीके शिवानी, मोटिवेशनल स्पीकर }

आध्यात्मिक संस्था ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़ी राजयोग मेडिटेशन शिक्षिका एवं अतंरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर बीके शिवानी दुनिया भर के लाखों-करोड़ों लोगों के जीवन में सार्थक और सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रेरित करती रहती हैं। नववर्ष के अवसर पर शिवानी बता रही हैं बेहतर, शांतचित्त और खुशहाल जीवन जीने के सूत्र।



# नए संकल्प लें दृढ़ता से करें उन्हें पूर्ण

आध्यात्मिक प्रेरक वक्ता बीके शिवानी किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। 2007 में प्रसारित टीवी शो- 'अवेकनिंग विद ब्रह्मा कुमारीज' के माध्यम से उन्होंने जनमानस को मानसिक तनाव, अवसाद आदि मानसिक विकारों से मुक्त होकर अपने आत्म-सम्मान को ऊंचा रखने एवं आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की प्रेरणा दी। 2019 में तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित बीके शिवानी विश्व साइकिएट्रिक एसोसिएशन की गुडविल एम्बेसेडर होने के अलावा फॉग्सी (एफओजीएसआई) के अद्भुत मातृत्व कार्यक्रम से भी जुड़ी हैं। प्रस्तुत हैं उनके प्रेरक विचार, उन्हीं की जुबानी।

## नव वर्ष के मायने

नए वर्ष का मतलब होता है, पुराने को विदाई और नए को बधाई देना। पुरानी, कड़वी बातों, घटनाओं को भूल कर आगे बढ़ना। लेकिन क्या हम ऐसा कर पाते हैं? जवाब है-नहीं। अधिकतर लोग वर्षों तक इन कटु बातों को याद रखते हैं। मन पर बोझ लिए चलते रहते हैं और दुखी रहते हैं। जरूरी यह है कि हम पुराने साल को विदा करते समय ऐसी तमाम यादों, कमजोरियों को बिसारते जाएं। हरेक के प्रति शुभभावना रखें। लोगों को दुआएं दें, तो स्वयं को भी दुआ देना ना भूलें। नए, शक्तिशाली संकल्प लें और इन्हें दृढ़ता के साथ पूर्ण करें।



## स्व-परिवर्तन सिखाता है राजयोग ध्यान

राजयोग ध्यान द्वारा स्व-परिवर्तन की इस अद्भुत यात्रा को मुझे 25 वर्ष से अधिक हो गए हैं। गुजरते समय के साथ अपने भीतर छिपे अहंकार को आत्मिक स्वरूप के अभ्यास से परिवर्तित करने का प्रयास किया है। यह यात्रा अब भी जारी है, क्योंकि आंतरिक शक्ति का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। हमें किसी से कुछ मांगना नहीं, सिर्फ देना होता है। देने से आंतरिक शक्ति स्वयं ही बढ़ती जाती है। जो हम देते हैं, बदले में वही पाते हैं। यह सोच दुनिया की उस मान्यता से ठीक विपरीत है कि हम जो पाते हैं, वही सच है। इससे शांति, स्थिरता एवं स्वीकार्यता तीनों बढ़ती है। इच्छाएं खत्म होती जाती हैं और वर्तमान में रहने की आदत स्वाभाविक बन जाती है। हमारे ब्रह्मा कुमारीज में एक खूबसूरत कहावत है कि जब मैं बदलूंगी तो मेरी दुनिया भी बदलेगी। तमाम आध्यात्मिक सिद्धांत एवं पद्धति भी स्व में सुधार लाने पर ही जोर देते हैं। अर्थात् स्व का ध्यान रखें, स्व की जिम्मेदारी लें, स्व को सशक्त बनाएं, स्व को मान दें एवं स्व को प्रेम करें। ऐसा करने से हम आध्यात्मिक, भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक पांचों रूपों में शक्तिशाली बनते जाते हैं। इसलिए किसी व्यक्ति या बाह्य परिस्थिति के बदलने की प्रतीक्षा किए बिना स्वयं पर ध्यान दें।

## ऐसे रखें खुद को शांत

अशांत वातावरण में खुद को शांत रखने से पहले हमें समझना होगा कि कोलाहल हमारे आस-पास नहीं, बल्कि हमारे अपने मन के अंदर होता है। अगर सुबह ही हम अपने मन की स्थिति को ठीक कर लेते हैं और पूरा दिन थोड़ा-थोड़ा उसका ध्यान रखते रहते हैं, तो कैसी भी परिस्थिति आने पर हम उसका स्थिर रहकर सामना कर पाते हैं। जैसे किसी फोन को सुबह चार्ज करने के बाद उसके सैकड़ों फीचर्स पूरे दिन कार्य करते रहते हैं। लेकिन बैट्री अगर चार्ज ना हो, तो फिर फोन रखने का कोई उद्देश्य नहीं रह जाता है। उसी प्रकार, हमारी आत्मा भी एक बैट्री की तरह ही है, जिसे हमें हर सुबह मेडिटेशन से चार्ज करना पड़ता है। इसके अलावा, जब हम कर्मयोगी के स्वरूप में स्थित होकर कोई कार्य करते हैं, तो उसकी दिशा सही होती है। कहने का तात्पर्य है कि हर कर्म करते हुए हमें अपने वाइब्रेशंस का ध्यान रखना होता है।

## कैसे मिलती है सच्ची खुशी

सच्ची खुशी तब मिलती है, जब हमारा मन हर परिस्थिति में स्थिर रहता है। यानी बाह्य संसार में कुछ भी घटित क्यों ना हो रहा हो, कोई व्यक्ति कुछ भी क्यों ना बोल रहा हो, आलोचना ही क्यों ना कर रहा हो, मन हलचल में नहीं आता है। विचलित नहीं होता है और हम खुश रहते हैं। इसी प्रकार, जब मन में सही विचार उत्पन्न होते हैं, तो हमें खुशी मिलती है। असल में खुशी हमारे भीतर ही छिपी है। वह प्रत्येक मनुष्य आत्मा का मूल एवं आंतरिक गुण है। विडंबना यह है कि आज मानव बाहरी दुनिया में खुशी तलाश रहा है। उसकी खुशी दूसरों पर निर्भर हो गई है। मनोनुकूल परिस्थिति ना होने पर वह दुखी, निराश हो जाता है। ऐसे में हम अगर अपनी स्व स्थिति पर ध्यान दें, तो खुश रहने से कोई रोक नहीं सकता है।

## बच्चों-युवाओं के लिए संदेश

आजकल बच्चे, किशोर और युवा कई तरह की मानसिक समस्याओं का सामना करते दिखते हैं। हमें समझना होगा कि उनकी मानसिक समस्याओं के कई कारण हैं। पहला, वे अपने घरों में बड़ों को गुस्सा, तनाव, बेचैनी, चिंता आदि में घिरा देखते हैं। वही वाइब्रेशन उन्हें खुद भी अनुभव होती हैं। इसके अतिरिक्त, बाहरी जगत का नकारात्मक वातावरण उनके मन-मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके अलावा, अभिभावकों एवं अन्य लोगों द्वारा बच्चों के अंदर निरंतर यह विचार डाला जाता है कि जैसी परिस्थिति होगी, वैसे ही उनका मन होगा। परिणाम यह होता है कि बच्चों और युवाओं की भावनाएं बाह्य कारकों पर निर्भर करने लगती हैं। किसी को क्रोध आता है, तो वे भी गुस्सा करने लगते हैं। कोई निराश होता है, तो उन्हें भी वही महसूस होता है। इस प्रकार की भावनात्मक निर्भरता से उनका भावनात्मक स्वास्थ्य कमजोर हो जाता है। हालांकि, बच्चे या युवा अपनी दिनचर्या में सुधार लाकर इन तमाम समस्याओं से निजात पा सकते हैं। उनके बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि वे रात को समय से (दस बजे तक) सोएं। सोने से कम से कम एक घंटे पहले गैजेट्स से दूरी बना लें। इसके बदले सकारात्मक चीजें पढ़कर या सुनकर सोएं। तब नींद भी अच्छी आएगी और सुबह जल्दी उठ सकेंगे। इससे वे ऊर्जावान महसूस करेंगे। साथ में उनकी रचनात्मकता, स्पष्टता, निर्णय लेने की क्षमता सब बढ़ जाएगी। याद रखें कि आप जो पढ़ते, सुनते, देखते और बोलते हैं, उससे ही विचार उत्पन्न होते हैं। इसके अलावा, टीवी या मोबाइल फोन देखकर खाना बंद करें। खाने से पहले मेडिटेशन के जरिए भोजन में सकारात्मक ऊर्जा भरें। हो सके तो घर का बना भोजन करें, जिसमें प्यार के वाइब्रेशन होते हैं और जो शुद्धता से बनाए जाते हैं। इन उपायों से उन्हें अवश्य लाभ होगा। *

---



## नए वर्ष के दोहे

अखिलेश श्रीवास्तव चमन

अखबारों में सुर्खियां, नया दिवस औ रैन।
मन ना माने बात यह, पढ़ते थक गए नैन।।
आते व जाते रहे, नए साल हर साल।
यक्ष प्रश्न अब भी वही, कपड़ा, रोटी, दाल।।
नया कहूं तो किसलिए, तुझको ऐ नववर्ष।
वही पुरानी बेबसी, चिथड़ा-चिथड़ा हर्ष।।
आंख धंसी, चेहरे बुझे, जन-गण हैं बदहाल।
भूख, गरीबी, व्याधियां, दे गया गुजरा साल।।
गए साल में लिखना था, एक नया इतिहास।
क्या लिक्खें यह सोचते, बीते बारह मास।।
कितने फागुन, चैत गए, कितने अगहन, माघ।
नए मुखौटों में मिले, वही पुराने घाव।।
द्वेष, डाह औ नफरतें, महंगाई की मार।
नया साल गर हो सके, कर इनका उपचार।।
हे विधना नववर्ष में, हो ऐसा संयोग।
मिटे देश की देह से, दहशतगर्दी रोग।।

# नया सूरज



रश्मि बड़े ध्यान से सूरज को देख रही थी। वह मन ही मन बुदबुदाई, 'सूरज तो कल जैसा ही है, तो फिर यह साल नया कैसे हो गया? मैं तो यह नहीं मानती कि कुछ भी नया है!'

तभी पीछे से आकर रश्मि की भाभी ने उसे चौंका दिया, 'सुबह-सुबह बहुत ध्यान से क्या देख रही हो रश्मि? क्या नया नजर आ रहा है आज?'

'नया ही तो कुछ नजर नहीं आ रहा है। कल से टीवी, अखबारों में सुन-पढ़ रही हूं, नए साल का नया सूरज! पर यहां नया और नयापन जैसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा। खैर! आपको नया साल मुबारक हो भाभी!' रश्मि ने उलझे स्वर में जवाब दिया। 'नयापन तो महसूस करना पड़ता है रश्मि। अगर हम इसे महसूस कर लें तो सब कुछ नएपन से भर जाएगा। हमारे भीतर उमंग की तरंग दौड़ने लगेगी। सूरज का नयापन हमें पहले से ज्यादा गर्माहट देगा। संबंधों का नयापन पहले से ज्यादा गहरा लगेगा। हमें अपने भीतर एक नई ऊर्जा महसूस होगी।' भाभी ने रश्मि को समझाने की कोशिश की।

यह सुनते ही रश्मि के शरीर में एक अजीब-सी सिहरन दौड़ गई। अभी तक जो सूरज उसे तेजहीन लग रहा था, अचानक उसकी आंखों के सामने दमकने लगा था। उसने भाभी को गले लगा लिया, बोली, 'भाभी, मुझे इस नए सूरज और नएपन का आभास कराने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद और नए साल की शुभकामनाएं।' *

जागरूक जनता
jagrukjanta.net
जागरूक WORLD & दुनिया
जयपुर, बुधवार, 3 जनवरी - 9 जनवरी 2024

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26



## ना फेसबुक-ना ट्विटर, सोशल मीडिया से दूर हैं नए सीएस सुधांश पंत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भजनलाल सरकार के नए मुख्य सचिव सुधांश पंत भले ही मीडिया फ्रेंडली हों, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी उपस्थिति ना के बराबर है। हैरानी की बात है कि आईएएस अफसर पंत का वर्तमान में ना तो कोई ऑफिशियल फेसबुक अकाउंट है और ना ही ट्विटर पर कोई अकाउंट। ना ही चर्चित शख्सियतों की तर्ज पर विकिपीडिया अकाउंट ही है। सुधांश पंत के मुख्य सचिव बनते ही उनका 'पैरोडी अकाउंट' सक्रिय हो गया है। कई 'एक्स' यूज़र्स तो अपनी पोस्ट में इसी गफलत के चलते सुधांश पंत के पैरोडी अकाउंट को टैग कर रहे हैं। इस अकाउंट में महज़ 1 हज़ार 233 फ़ॉलोअर्स ही हैं।





### सिटी पार्क में लोगों से मुलाकात, 'फिट इंडिया' संकल्प को साकार करने की दिशा में अहम कदम

## मॉर्निंग वॉक पर सीएम, लोगों ने किया अभिवादन, चाय की चुस्की ली

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घने कोहरे और ओस के बीच अलसुबह जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में मॉर्निंग वॉक किया। उन्होंने वॉक के साथ लोगों से संवाद भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया' अभियान के संकल्प को साकार करने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का संदेश दिया। इस दौरान अचानक मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोग पहले तो आश्चर्यचकित हुए, फिर उनके साथ ही कदमताल मिलाते हुए वॉक करने लगे। इस दौरान मुख्यमंत्री बच्चों से भी मिले। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि नववर्ष की सुबह प्रधानमंत्री जी ने ''मन की बात'' कार्यक्रम के 108वें संस्करण में भी फिट रहने का संदेश दिया था। इसलिए हर व्यक्ति को फिजिकल एक्टिविटी को बढ़ावा देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। मॉर्निंग वॉक के दौरान मुख्यमंत्री ने चाय की चुस्की भी ली। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री से अपने अनुभव भी शेयर किए।

### ■ 22 को सार्वजनिक अवकाश की मांग

**मुंबई @ जागरूक जनता।** बीजेपी ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन दिवस पर राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन देश भर के लोगों से दिवाली मनाने की अपील की है। उनका कहना है कि छुट्टी होने से यह सुनिश्चित होगा कि हर कोई कार्यक्रम देख सकेगा।

### ■ जगन्नाथ मंदिर में ड्रेस कोड लागू

**पुरी (ओडिशा) @ जागरूक जनता।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने 12वी सदीं के इस धार्मिक स्थल में निकर, फटी जीस, स्कर्ट और बिना आस्तीन वाले कपड़े पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश करने पर रोक लगा दी। साथ ही मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने तथा प्लास्टिक और पॉलिथीन का इस्तेमाल करने पर भी पूर्ण रोक लगा दी है।

Sushila Cosmetic & Dental Hospital

Services
- Oral Cancer Screening Center
- Dental Implant-(All on 4, All in 6 Zygomatic Implant Center)
- Full Mouth Oral Rehabllitation
- Specialised in Treating Jaw, Face, Mouth Disease & Fracture
- Gingivectomy and Flap Operation
- Apicoectony
- Complete Dentuure & All Type of Extraction
- Artifilial Teeth (Fix & Removable Teeth)
- Root Canal Treatment
- Orthodontic Treatment
- Light Cure Filling
- Ultra Sonic Scaling & Bleaching
- RVG X-ray
- Smile Designing & Tooth Jewellery



Dr. M.K. Dadarwal
B.D.S., M.D.S.
RSDC Reg. No.:A-0257
Assi. Professor - Rajasthan Dental College, Jaipr
(Oral & Maxillofacial Surgeon And Oral Implantologist)

Contact No. 9799421477
7014686318

Shop No.-37, JDA Shopping Complex, Opp. Goyal Marriage Garden, Kedia Palace Road, Murlipra, Jaipur-302039

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in




संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039